50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 4.0 °c | अधिकतम 22.4 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:06, सूर्यास्त : 5:22 | वर्ष : 50/ अंक : 345 | शुक्रवार, 16 दिसम्बर 2022 | पौष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

आज की अमृतवाणी

खूबसूरत होना अच्छा है, लेकिन अच्छा होना और भी ज्यादा खूबसूरत है।

मेरी तुलना गाँधी जी से करना गलत है, मेरी तुलना गाँधी जी से न करें : राहुल गाँधी

यह सब भावनाओं की बात है.. भावनाओं को समझो.....

ना ब्राह्मण, ना पंजाबी शायद वैश्य समाज से ही भाजपा प्रत्याशी

मुजफ्फरनगर,15 दिसंबर (बु.)। भारतीय जनता पार्टी आने वाले निकाय चुनाव में फिर एक बार चेयरमैन प्रत्याशी के रूप में वैश्य समाज पर दांव लगाने के मूड में दिख रही है। बाकी सब बिरादरियों को दरकिनार करने की सूचनाएं लगातार मिल रही हैं। लगभग एक दर्जन से अधिक वैश्य समाज के दावेदारों ने अपनी ताल पूरी तरह ठोकी हुई है। कभी भाजपा के जिलाध्यक्ष से लेकर प्रदेश प्रभारी तक अपने अपने आवेदन अलग-अलग स्थानों पर सभी बिरादरियों के प्रत्याशी करते दिखाई पड़ रहे हैं। ऐसे में पहले से ही सुरसुराहट होती दिखाई पड़ रही है कि भाजपा पहले की तरह इस बार भी वैश्य समाज के प्रत्याशी को ही चेयरमैनी उम्मीदवार के रूप में उतारने के मूड़ में है। वैश्य समाज की बात करें तो समाज की ओर से सपा से भाजपा में आए गौरव स्वरूप, राजीव गर्ग, श्रीमोहन तायल, सचिन सिंघल, राहुल गोयल, कुलदीप गोयल, संजय अग्रवाल, संजय गर्ग सहित लगभग 10 प्रत्याशियों के नाम हाल फिलहाल आवेदक के रूप में भाजपा के पास मौजूद हैं। इसके अलावा ब्राह्मण समाज से अरविन्द राज शर्मा, श्रीभगवान शर्मा, पुनीत वशिष्ठ, शलभ कौशिक, आशुतोष शर्मा सहित स्वयं भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला लगभग आधा दर्जन दावेदार हैं। इसी प्रकार पंजाबी समाज में उद्योगपति कुशपुरी व अशोक बाठला तथा पवन छाबड़ा ने अपनी-अपनी दावेदारी जताई है, मगर वैश्य समाज की दावेदारी को ही भाजपा सबसे अधिक मजबूत मान रही है। कुछ दिनों पहले खतौली से उपचुनाव हारे भाजपाइयों में गहन मंथन तो चल रहा है कि इस बार कोई ऐसा प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा जाए तो उन्हें जीत की राह दिखा सके। ज्ञात रहे कि पिछले दो चुनाव में पूरे देश से जनाधार खो चुकी कांग्रेस ने दिग्गज भाजपाइयों को पटखनी दे दी थी। पहले पंकज अग्रवाल और फिर अंजू अग्रवाल के रूप में आमजन ने चेयरमैन के रूप में उक्त दोनों कांग्रेस प्रत्याशियों को चुनना पसंद किया था। भाजपा उक्त दोनों चुनाव में वैश्य व ब्राह्मण दोनों समाज के प्रत्याशियों को जिताने में नाकामयाब रही थी। इस बार पंजाबी समाज पूरी तरह से चेयरमैनी की दावेदारी में उत्साहित दिख रहा था मगर भाजपा से लगातार वैश्य समाज की ही दावेदारी को भाजपा मजबूत बताती दिखाई पड़ रही है। हालांकि अभी एक सप्ताह बाद भाजपा अपने पत्ते पूरी तरह से खोलेगी, उसके बाद ही तय हो पाएगा कि आखिर किस समाज के प्रत्याशी को भाजपा चुनाव मैदान में उतारती है, मगर राजनीतिक गुणा भाग करने वालों की मानें तो हाल-फिलहाल तो भाजपा को वैश्य समाज के अलावा कोई प्रत्याशी मजबूत नहीं दिख रहा है। हालांकि भाजपा वैश्य समाज के प्रत्याशी को लड़वाने के बाद भी पूरी तरह कहीं आश्वस्त नहीं दिखाई दे रही है, क्योंकि खुद भाजपाइयों पर सपा से भाजपा में आए गौरव स्वरूप पूरी तरह भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। गौरव स्वरूप की दावेदारी प्रबल मानी जा रही है वहीं दूसरी ओर ऐसे भाजपाई जो पिछले 30-30 वर्षों से एक तरफा भाजपा में शामिल हैं, उन्हें निराशा हाथ लग रही है। ऐसा भी हो सकता है कि भाजपा की अंदरूनी कलह के चलते फिलहाल मजबूती से लिया जाने वाला गौरव स्वरूप का नाम अंत समय पर कमजोर पड़ जाए। अब देखना यह होगा कि चुनाव के दिन नजदीक आते-आते भाजपा कौन सी जाति पर अपना दांव आजमाती है। फिलहाल तो भाजपा वैश्य समाज के प्रत्याशी पर ही दांव लगाने के मूड़ में दिख रही है।

सपा खेलेगी ब्राह्मण समाज पर दांव

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। भाजपा को खतौली उपचुनाव में शिकस्त देने के बाद गठबन्धन के हौंसले पूरी तरह बुलन्द हैं और सपा पूरी तरह राकेश शर्मा को चेयरमैनी उम्मीदवार के रूप में उतारने की तैयारी में लग रही है। यदि ऐसा हुआ तो खतौली की तरह ही ब्राह्मण समाज मुजफ्फरनगर चेयरमैनी में भी अपनी नाराजगी भाजपा से व्यक्त करते हुए सपा की ओर जाता दिखाई पड़ सकता है। हालांकि सपा से रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक के भाई प्रवीण मलिक की दावेदारी भी इसलिए मजबूत मानी जा रही हैं। क्योंकि इस बार गठबन्धन नलके के सिंबल पर चुनाव लड़ सकता है। वहीं समाजवादी पार्टी से भी वैश्य समाज के सचिन पटाखा अपनी दावेदारी को मजबूत मान रहे हैं। सुरसुराहट तो यह भी है कि विधायकी हारने के बाद बंटी भी अपनी चेयरमैनी की जुगत में लगे हुए हैं। मगर सपा हाईकमान से उन्हें हरी झंडी नहीं मिल पा रही है। यूं तो 90 प्रतिशत यहीं माना जा रहा है कि सपा के पास राकेश शर्मा की इकलौती दावेदारी है। ब्राह्मण व मुस्लिम समीकरण का जोड़तोड़ कर सपा राकेश शर्मा पर जीत के लिए आश्वस्त दिखाई पड़ रही हैं। आने वाले दिनों में क्या होगा यह कह पाना तो मुश्किल हैं, मगर फिलहाल सपा से राकेश शर्मा का नाम पूरे दमदार तरीके से लिया जा रहा है।

शिमला से भी ठंडा रहा मुजफ्फरनगर, पारा 4 डिग्री

▶ कोहरा नदारद रहने से अभी दिन में धूप से राहत ▶ आज भी तीखी ठंडी हवाओं का दौर रहा जारी ▶ अलाव जलाकर ठंड भगाते दिखे तमाम लोग

मुजफ्फरनगर,15 दिसंबर (बु.)। अभी तक गुनगुनी धूप का मजा दे रहे मौसम में पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं ने सनसनी फैला दी है। इसके चलते कंपा देने वाली ठंड का दौर शुरू हो चुका है। शहर में आज तापमान ने शिमला को पछाड दिया जहां न्यूनतम तापमान 9.0 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान आज गिरकर चार डिग्री सेल्सियस जाने के साथ शाम से सुबह ठिठुरती रही। हालांकि दिन में धूप के चलते तापमान में गिरावट के बावजूद इसके 22.4 डिग्री पर बना रहने से काफी राहत रही। आने वाले दिनों में इसमें और गिरावट की उम्मीद है। अभी कोहरा और बादल नहीं हैं। जल्द ही कोहरे की उम्मीद भी नहीं है। इससे अभी दिन में राहत बनी रहेगी और रात में कंपाने वाली ठंड का दौर जारी रहेगा। दिसंबर का आधा सफर पूरा होते ही अब मौसम ने रंग बदल दिए हैं। दिसंबर के शुरू से ही ठंड तो थी, लेकिन कंपाने वाली ठंड का दौर दो दिन से ही शुरू हुआ है। इसके चलते पिछले दो दिनों में पारा तेजी से गिरा है। दो दिन पहले न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री था जो 4.2 डिग्री नीचे गिरा है। अधिकतम तापमान में भी 4.4 डिग्री की गिरावट आई है। कल चली तेज हवाओं में आज थोड़ी कमी तो रही, लेकिन आज भी दस किमी प्रतिघंटा की गति से हवाएं चलीं और 24 किमी गति के झोंके भी बीच बीच में आए। बीती रात और आज सुबह से ठिठुरन कंपाने वाली थी। ऐसे में लोग शाम को जल्द ही घर पहुंचे और सुबह देर तक रिजाई में दुबके रहे। बाहर ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों में लिपटे लोगों के अलावा आग जलाकर अलाव तापते लोग तमाम स्थानों पर नजर आए। ठंड का प्रकोप बढ़ने के बाद अब दिनचर्या भी काफी सिमट गई है। बाजारों में रौनक 11 बजे तक दिखाई देती है और शाम छह बजते ही वहां सन्नाटा पसरने लगता है। ऐसे जिन सड़कों और बाजारों में रात बारह बजे तक पूरी रौनक रहती थी, वहां जल्द ही पाटिया सिमट रहा है। बाहर से जिला मुख्यालय पर आने वाले लोग भी जल्द अपने काम निपटाकर घर लौटने की जल्दी में नजर आते हैं। ठंड में हुआ इजाफा उन लोगों के लिए खास तौर से परेशानी का सबब बना है जिन्हें रात में काम पर निकलना पड़ता है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाएं मैदानों को कंपा रही हैं। यह दौर अभी और तेज होगा। इस बार बहुत कोहरा नजर ना आने की वजह यह बताई जा रही है कि अक्टूबर के बाद से बारिश नहीं हुई है। इससे मौसम में नमी का स्तर कम है। आज भी आर्द्रता 56 प्रतिशत पर रही। ऐसे में अभी मौसम में कोहरे का असर आने की संभावना कम है। हालांकि पाले का असर जरूर नजर आ सकता है। अभी कोई ऐसा पश्चिमी विक्षोभ भी आसपास नहीं है, जिससे बारिश की संभावना बने। इसके चलते अभी सूखी ठंड का दौर जारी रहेगा। हल्के बादल जरूर आने वाले दिनों में देखने को मिल सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार अभी तक दिल्ली एनसीआर में कोहरे ने दस्तक नहीं दी है। आशा जताई जा रही है कि 17 दिसम्बर से कोहरे का दौर शुरू हो सकता है। इसके बाद ठण्ड का प्रकोप और अधिक मारक हो जाएगा। ठण्ड के साथ प्रदूषण भी अभी तक समस्या बना हुआ है।

रेलवे लाइन के पास रैन बसेरे में कबाड़ी का कब्जा और बाहर ठण्ड में सोती वृद्धा

फोटो : नासिर खान

कैसे बचेंगें बेसहारा गरीब : टूटा पड़ा है प्रशासन का रैन बसेरा

रैन बसेरे में भरा कबाड़, गरीबों की ठंड में नहीं ठाड़

▶ ना चौराहों पर जले अलाव, ना कंबल वितरण पर ध्यान
▶ कड़ाके की ठंड में चौराहों पर बेसहारा हो रहे परेशान

मुजफ्फरनगर,15 दिसंबर (बु.)। लगता है प्रशासन और पालिका को अभी ठंड नहीं लगी है। यही कारण है कि रात की ठंड में बेसहारा लोगों के लिए सहारा बनने वाले रैन बसेरे की ओर किसी की नजर नहीं है। इस पर कबाडी का अवैध कब्जा है। वहां बचे हिस्से पर व्यवस्था नाम की कोई चीज नजर नहीं आ रही है। चौराहों पर प्रशासन की ओर से जलने वाले अलाव भी गायब हैं। गरीबों के लिए ठंड में कंबल वितरण की भी कोई सुध प्रशासन को नजर नहीं आ रही है। ऐसे में बेसहारा लोगों के लिए यह मौसम मारक साबित हो रहा है। शीत का प्रकोप बढ़ने के बाद शासन के निर्देशों के बावजूद प्रशासन या पालिका के स्तर पर कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है। पालिका परिसर में बनने वाला अस्थाई रैन बसेरा तो कई साल से बनाया ही नहीं जा रहा है। बेसहारा लोगों के आंसू पोंछने के लिए माल गोदाम रोड पर एसडी पब्लिक जूनियर विंग के सामने रेलवे लाइन के पास बना रैन बसेरा भी लापरवाही का शिकार है। आज बुलेटिन का कैमरा वहां पहुंचा तो देखा कि काफी बड़े टिन के इस रैन बसेरे का एक हिस्सा टूटा हुआ है। बाकी बचे रैन बसेरे के काफी हिस्से में कबाड़ भरा हुआ है। किसी कबाड़ी ने इस पर अवैध कब्जा कर वहां अपना सामान भर रखा है। रैन बसेरे में व्यवस्था नाम की कोई चीज नजर नहीं आई। इसके बाहर एक वृद्धा ठंड से ठिठुरती नजर आई। उसका कहना था कि अंदर कपड़ों या सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में उसे बाहर ही रहना पड़ता है। यही स्थिति रेलवे लाइन के पास पड़े कुछ अन्य खानाबदोश परिवारों की भी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रैन बसेरा अब नाम का ही रह गया है। किसी प्रशासनिक अधिकारी या पालिका कोई इसकी कोई परवाह नहीं है। अब ठंड बढ़ने के बावजूद इसे सुधारने की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। आम तौर पर हालत यह है कि सामान्य दिनों में यह रैन बसेरा जुआरियों और नशेड़ियों का अड्डा बना रहता है। अभी भी रात में नशेड़ी ही वहां नजर आते हैं। ऐसे में ठंड में ठिठुरते सामान्य लोगों के लिए इस रैन बसेरे का कोई अर्थ ही नहीं रह गया है। ठंड मारक होने के बावजूद चौराहों पर जलने वाले अलाव भी पूरी तरह से नदारद हैं। इसके लिए शासन से खास बजट आता है, लेकिन लगता है कि अभी प्रशासन को ठंड का असर नहीं सता रहा है। पालिका तो खैर पूरी तरह से राम भरोसे चल रही है। ठंड में चौराहों पर जहां-तहां गरीब बेसहारा लोगों को कंबल व गर्म कपड़े शासन के पैसे से बांटे जाने व्यवस्था भी अभी सिरे चढ़ती नजर नहीं आ रही है। मौसम की इस मार के बीच अभी स्वयं सेवी संस्थाएं भी गरीबों की सेवा के लिए बाहर नहीं निकली हैं। हालत यह है कि शहर में रेलवे स्टेशन और इसके आसपास के इलाकों व शिवचौक और भोपा रोड पुल के नीचे ठंड से ठिठुरते लोगों को जहां-तहां से कूड़ा एकत्र कर अलाव जलाकर ठंड से बचने का जतन करना पड़ रहा है।

ठिठुरन में बिगड़ रही सेहत, बड़ों से बच्चे तक आ रहे चपेट में

मुजफ्फरनगर,15 दिसंबर (बु.)। अचानक तेजी से बढ़ी ठंड सेहत बिगाड़ रही है। इसके चलते जहां खांसी-जुकाम और सांस के मरीजों की संख्या बढ़ रही है वहीं बच्चे नजला-जुकाम, सांस और खांसी के शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा कोल्ड डायरिया के मामले भी सामने आ रहे हैं। ठंड की दस्तक के साथ शीत जनित बीमारियों का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। जिला चिकित्सालय की ओपीडी में जहां प्रतिदिन इन रोगों के मरीज पहुंच रहे है, वहीं गली मुहल्लों के चिकित्सकों के अलावा बडे नर्सिंग होम्स में भी बीमारों की कतार बढ रही है। वहां पहुंचने वाले ज्यादातर मरीज खांसी-जुकाम और सांस संबंधी बीमारियों के हैं। इसके अलावा ठंड लगने के बाद बुखार और कोल्ड डायरिया के मामले भी आ रहे हैं। बच्चों को भी यह मौसम खासपा परेशान कर रहा है। जरा सी लापरवाही होते ही बच्चे रोगों के शिकार हो रहे हैं। ठंड में बड़े तो बड़े बच्चे भी ज्यादा बीमार हो रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि बदलते मौसम के चलते लोगों को बहुत ज्यादा एहतियात बरतने की आवश्यकता है। ऐसे में गर्म कपड़ों को लेकर खास ऐहतियात के साथ ठंडी चीजों के सेवन से परहेज रखें और गर्म पानी का ही सेवन करें। बाहर का खाना खाने से बचें और फास्टफूड या तला-भुना ना खाएं। गर्म कपड़े पहनें और सुबह की सैर से भी परहेज करें।

स्पा सेंटर पर पुलिस की छापेमारी

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। सिविल लाइन थानाक्षेत्र के महावीर चौक स्थित स्पा सेंटर पर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस टीम ने रजिस्टर और अन्य दस्तावेज चेक किए। पुलिस स्पा सेंटर संचालक को चेतावनी देकर वापस लौट गई। शहर में शहर कोतवाली, नई मंडी और थाना सिविल लाइन क्षेत्रों में कई स्थानों पर स्पा सेंटर चल रहे है। आलाधिकारियों को कई बार स्पा सेंटरों पर अनैतिक कार्य होने की शिकायत मिलती रहती है। इसके चलते आलाधिकारियों के आदेश पर गुरुवार को थाना प्रभारी सिविल लाइन अजय श्रोतिया ने महावीर चौक स्थित स्पा सेंटर पर पहुंचकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने स्पा सेंटर का रजिस्टर और अन्य दस्तावेज चेक किए। हालांकि, छापेमारी के दौरान स्पा सेंटर में युवतियां ही मिली, कोई पुरूष नहीं मिला। इसके बाद टीम चेतावनी देकर वापस लौट गई।

सीजीएसटी अफसर को देख मची अफवाह, बाजार बंद

मुजफ्फरनगर,15 दिसंबर (बु.)। जीएसटी छापों पर शासन ने रोक भले लगा दी है, लेकिन अभी भी इसका भूत बरकरार है। आज फिर से जीएसटी छापों की अफवाह के चलते हड़कंप मचा गया तथा कूकड़ा मंडी के पास से अलमासपुर के इलाके तक बाजार धड़ाधड़ बंद हो गए। हालांकि बाद में व्यापारी नेताओं के समझाने पर दुकानें खोल दी गईं। बताया गया है कि केंद्रीय जीएसटी का एक अधिकारी आज किसी मामले में कूकड़ा मंडी के एक व्यापारी के यहां सामान्य तरीके से पहुंचा था। उसकी गाड़ी देख कुछ लोगों ने छापे की अफवाह उड़ा दी। इसके बाद कूकड़ा मंडी स्थल के बाहर के बाजारों से लेकर अलमासपुर तक तमाम दुकानें बंद हो गई और दुकानदार सड़कों पर खड़े हो गए। अचानक बाजार बंद होने और छापे की खबर उड़ने के बाद संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय मित्तल उस दुकान पर पहुंचे जहां सीजीएसटी के अधिकारी बैठे थे। वहां पता चला कि वे सामान्य ढंग से वहां किसी पुराने मामले को लेकर आए थे और छापा आदि कुछ नहीं है। वहां चाय पीकर अधिकारी वहां से चले गए। इसके बाद संजय मित्तल व अन्य व्यापारी नेताओं ने कूकड़ा मंडी के बाहर पहुंच कर दुकानदारों को समझाया और उन्हें दुकानें खोलने के लिए कहा। इसके बाद बाजार खुल गए। व्यापारी नेताओं ने कहा कि जब खुद सरकार जीएसटी छापों को मना कर चुकी है तो व्यापारियों को डरने की जरूरत नहीं है।

गन्ना तौल केंद्रों के निरीक्षण के दौरान पकड़ी घटतौली

▶ निरमाना के तौल लिपिक हरेंद्र कुमार का तौल लाइसेंस निलंबित

मुजफ्फरनगर,15 दिसंबर (बु.)। डीएसएम शुगरमिल, मंसूरपुर द्वारा संचालित गन्ना क्रय केन्द्र निरमाना तृतीय और आईपीएल, तितावी द्वारा संचालित गन्ना क्रय केन्द्र तावली द्वितीय का औचक रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान घटतौली पकड़े जाने के बाद एक तौल लिपिक के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

जिला गन्ना अधिकारी डॉ. राजेश धर द्विवेदी द्वारा डी एस एम शुगर मिल, मंसूरपुर द्वारा संचालित गन्ना क्रयकेन्द्र निरमाना तृतीय और आईपीएल, तितावी द्वारा संचालित गन्ना क्रयकेन्द्र तावली द्वितीय का औचक रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण में चीनी मिल मंसूरपुर के क्रयकेन्द्र पर स्थापित कांटे की जांच मानक बांट से करने पर 50 किलोग्राम कम वजन पाया गया। चीनी मिल तितावी के गन्ना क्रयकेन्द्र तावली द्वितीय पर स्थापित तौल कांटा जांच में सही मिला। चीनी मिल मंसूरपुर के क्रयकेन्द्र पर जांच हेतु मौके पर मानक बांट उपलब्ध नहीं थे। तौल लिपिक हरेंद्र कुमार ने बताया कि मानक बांट गांव में रखे हुए हैं। क्रयकेन्द्र पर प्रतीक्षा कर गांव से मानक बांट को मंगाकर कांटे की जांच की गई और कांटा कम वजन देते पाया गया। चीनी मिल तितावी के क्रयकेन्द्र तावली द्वितीय पर तौल लिपिक सुनील कुमार रहे, इस क्रय केन्द्र पर तौल सही मिला किंतु पूरे क्रय केन्द्र पर धूल की भरमार पाई गई। क्रय केन्द्र निरमाना के तौल लिपिक हरेंद्र कुमार का तौल लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। निरीक्षण में खांडसारी अधिकारी चंद्रशेखर सिंह रहे। सचिव प्रभारी रोहाना कला द्वारा औचक रोहाना समिति के खाईखेड़ी एवं देवबंद चीनी मिल से संबंधित केंद्र खुड्डा प्रथम एवं द्वितीय का निरीक्षण किया गया। इससे पूर्व सचिव प्रभारी एसपी सिंह रोहाना कला द्वारा औचक रोहाना समिति के खाईखेड़ी एवं देवबंद चीनी मिल से संबंधित केंद्र खुड्डा प्रथम एवं द्वितीय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय तौल कार्य जारी था कृषक की टेयर हो रही बुग्गी जिसका वजन 5.15 कुंटल प्राप्त हुआ था के साथ 5 कुंतल का मानक रखकर जांच करने पर बुग्गी सहित मानक बाट का वजन 10. 15 कुंटल प्राप्त हुआ। निरीक्षण के समय चीनी मिल के प्रतिनिधि सत्यपाल शर्मा उपस्थित थे स्थानीय कृषक भी उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्ज में लेकर परीक्षण के लिये भिजवा दिया है। इसके अलावा वहलना चौक पर बाइक की टक्कर से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसकी गम्भीर अवस्था को देखते हुए मेरठ के लिये रैफर कर दिया।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि छपार थाना क्षेत्र के गांव रई निवासी 36 वर्षीय प्रवीण पाल पुत्र धर्मवीर बीती रात बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहा था। बरला और फलौदा के बीच तेज रफ्तार से आये वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भिजवा दिया है। एक अन्य दुर्घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में वहलना चौक पर हुई, जिसमें तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जड़ौदा निवासी रमन यादव पुत्र राजेन्द्र यादव ने बताया कि उसका भाई अपने काम से वापस लौट रहा था। वहलना चौक पर सुजड़ू की कुंगर पट्टी निवासी राजू अपनी बाइक को तेज रफ्तार से चलाते हुए लाया और उसके भाई को टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया, जहां से उसे हायर सेंटर के लिये रैफर कर दिया गया।

सांड ने अधेड़ को टक्कर मारकर मौत के घाट उतारा

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव बिरालसी में आवारा सांड ने एक अधेड़ को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भिजवा दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि चरथावल थाना क्षेत्र के गांव बिरालसी निवासी 58 वर्षीय भोपाल पुत्र शिवचरण गांव में ही जा रहा था। रास्ते में उसे आवारा सांड ने टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवारजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भिजवा दिया।

पांच जिलों को एनसीआर से बाहर करने की मांग, लोकसभा में गूंजा मामला, कहा: फायदा नहीं नुकसान हुआ

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश और हरियाणा के कुछ जिलों को एनसीआर से हटाने की मांग तूल पकड़ती जा रही है। यूपी में मुजफ्फरनगर और शामली को एनसीआर से हटाने की मांग तो उद्यमी काफी समय से करते रहे हैं। अब भिवानी-महेंद्रगढ़ से लोकसभा सदस्य धर्मवीर सिंह ने गुरुवार को लोकसभा में शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी की मौजूदगी में मांग की कि उनके निवार्चन क्षेत्र को एनसीआर से बाहर निकाल दिया जाए। उन्होंने साथी सांसदों की हंसी के बीच व्यंग करते हुए कहा कि जो अड़चनें कनाट प्लेस में है वही उनके निर्वाचन क्षेत्र भिवानी और नागल चौधरी क्षेत्र में भी हैं। धर्मवीर ने कहा कि पता नहीं क्यों उनके क्षेत्र को एनसीआर में शामिल कर रखा गया है। उनका निर्वाचन क्षेत्र राजस्थान के छह जिलों से लगता है। एनसीआर में पड़ जाने के कारण कोई भी योजना आसानी से आगे नहीं बढ़ पाती। इसके लिए वह केंद्र सरकार के कई मंत्रियों से बात कर चुके हैं। धर्मवीर सिंह ने कहा कि मेहरबानी करके हमें एनसीआर से निकालिए ताकि हमारा काम सुचारु रूप से चल सके। इस दौरान जब केंद्रीय मंत्री पुरी बगल में बात करने लगे तो धर्मवीर ने यह कहते हुए उनका ध्यान अपनी तरफ खींचा कि आप सहयोगी से बाद में बात कर लीजिएगा। गौरतलब है कि हरियाणा अपने पांच जिलों- करनाल, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, जिंद और भिवानी तथा पानीपत की तीन तहसीलों को एनसीआर से बाहर करवाना चाहता है। एनसीआर के मास्टर प्लान 2021 में हरियाणा का क्षेत्र 13413 वर्ग किलोमीटर था, लेकिन अतिरिक्त जिलों को शामिल करने के बाद यह हिस्सा बढ़कर 25327 किलोमीटर हो गया। 2018 में हरियाणा के इन पांच जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश के दो जिलों को शामली और मुजफ्फरनगर तथा राजस्थान के भरतपुर को एनसीआर में शामिल किया गया था। तमाम उद्यमियों व अन्य लोगों का मानना है कि एनसीआर में शामिल होने के बाद इन जिलों को कोई लाभ तो नहीं हुआ है, लेकिन एनसीआर के नाम पर थोपे जाने वाले कानूनों से नुकसान जरूर उठाना पड़ रहा है। मुजफ्फरनगर और शामली के उद्यमी काफी समय से यह मांग करते रहे हैं कि इन जिलों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर किया जाए।

राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम

प्रथम पुण्यतिथि

स्व. श्रीमती फूलवती जैन
(धर्मपत्नी स्व. श्री जय प्रकाश जैन भगत जी)
पुण्यतिथि : 16 दिसम्बर 2021

सोचा ना था कभी, वो साथ आपका छूटेगा माँ।
जीवन भर था स्नेह का बंधन, वो मझधार में टूटेगा।
आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, आशीर्वाद
हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे।
आपकी प्रथम पुण्यतिथि पर हम परिवारजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

-श्रद्धा-सुमन-

विजय कुमार जैन (बैंक वाले)–श्रीमती चक्रेश जैन (पुत्र–पुत्रवधू)
सुनील कुमार जैन भगत जी–श्रीमती संगीता जैन (पुत्र–पुत्रवधू)
सर्वज्ञ जैन (चुनमुन) (पौत्र)
एवं समस्त भगत जी परिवार

-: प्रतिष्ठान :-

भगत जी प्रोपर्टी डीलर एवं आयरन ट्रेडर्स
12–अम्बा विहार, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर।
मोबाइल : 9837040799, 9837002501

राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम

भाविप सम्राट शाखा ने छः मरीजों को लिया गोद

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। भारत विकास परिषद मुजफ्फरनगर, सम्राट शाखा ने बृहस्पतिवार को क्षय रोग से पीड़ित छः बच्चों को राशन प्रदान किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश चंद्र गुप्ता एवं भारत विकास परिषण के परम कीर्ति शरण अग्रवाल रहे।

मुख्य अतिथि एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार से सम्राट शाखा ने टीबी से ग्रसित छह बच्चों को गोद लिया और उन्हें पौष्टिक आहार प्रदान किया है। वैसे ही दूसरे संगठनों व लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने एक महीने का राशन प्रदान कर बच्चों को नियमित दवा लेने और पौष्टिक भोजन का सेवन करने का आह्वान किया और रोगियों को टीबी से ठीक होने के लिए जरूरी बातें बताते हुए कहा कि टीबी की दवा नाश्ते के बाद ही लें। गर्म तासीर वाली चीजें जैसे चाय, कॉफी, खट्टी एवं मिर्च मसाले वाली चीजें खाने से बचें। रोज सुबह हल्का व्यायाम करें, खाने में फाइबर वाली चीजें जैसे हरी सब्जियां, मौसमी फल, दालें, सोयाबीन ज्यादा से ज्यादा लें। खाने के तुरन्त बाद लेटें नहीं बल्कि थोड़ा टहलें। ध्यान रहे कि किसी भी स्थिति में टीबी की दवा बंद नहीं करनी है। जिला कार्यक्रम समन्वयक सहबान उल हक ने बताया कि सही समय पर सही इलाज करवाने से टीबी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। जिला पीपीएम समन्वयक प्रवीण कुमार ने भेदभाव न करने की सीख दी। कार्यक्रम की सफलता में कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंघल, शाखा महिला संयोजक सुमन अग्रवाल, अजय अग्रवाल एडवोकेट, पीके गुप्ता, एडवोकेट प्रेम प्रकाश, मनोज गुप्ता, अशोक सिंघल, सुदेश गर्ग का सहयोग रहा।

टीबी मुक्त जनपद: स्वास्थ्य इकाइयों पर मनाया गया निक्षय दिवस

▸▸ जिला अस्पताल में सीएमओ ने किया शुभारंभ, बलगम जांच का दायरा बढ़ाने पर बल

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। जिला चिकित्सालय के टीबी लैब में बृहस्पतिवार को निक्षय दिवस मनाया गया। इस अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय परिसर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने फीता काटकर किया। इसके साथ ही आज टीबी मुक्त मुजफ्फरनगर के संकल्प के साथ जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर निक्षय दिवस का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने अभियान का शुभारंभ करने के बाद कहा कि प्रत्येक माह 15 तारीख को मनाये जाने वाले निक्षय दिवस को उत्सव की तरह मनाएं और बलगम की जांच अधिक से अधिक कराएं ताकि जिले को टीबी से जल्द से जल्द मुक्त किया जा सके। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश चंद गुप्ता ने सभी से अपील की कि निक्षय दिवस के अवसर पर ओपीडी से न्यूनतम 10 प्रतिशत स्पूटम (बलगम) जांच हेतु सैम्पल भेजे जाएं एवं जो रोगी किसी कारण से इलाज छोड़ चुके हैं, उनका पुनः इलाज शुरू कराने का प्रयास करें।

जिले में जो रोगी अपना इलाज छोड़ चुके हैं, अब उनको दोबारा उपचार मिलेगा

जिला कार्यक्रम समन्वयक सहबान उल हक ने कहा कि टीबी मरीजों से भावनात्मक संबंध बनाया जाना महत्वपूर्ण है। टीबी मरीज को यह विश्वास दिलाया जाना जरूरी है कि नियमित दवा सेवन से वह जल्द ठीक हो सकते हैं। दवा सेवन के प्रति लापरवाही बरतने से टीबी और अधिक गंभीर हो जायेगा। टीबी के लक्षणों में सबसे प्रमुख खांसी है, जो लंबे समय तक चलती है। दो-तीन सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहती है। खांसी के साथ खून आता है, तो ऐसे लक्षणों वाले व्यक्ति को टीबी जांच की सलाह दें। ये सभी जांच जिला चिकित्सालय में उपलब्ध हैं, जो निःशुल्क हैं और बीमारी का तत्काल पता लगाने में सहायक भी हैं। जांच के बाद तुरंत उपचार शुरू करा दिया जाता है, इसका लाभ उठायें तो समय रहते इस बीमारी को दूर कर स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है।

जिला पीपीएम समन्वयक प्रवीण कुमार ने कहा कि टीबी को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार ने अभियान तेज कर दिया है। वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए जल्दी जांच और जल्दी इलाज के लिए निक्षय दिवस के तहत अभियान चलाया जा रहा है। इसमें जनपद को जल्द टीबी से मुक्त करने का लक्ष्य लेकर हम सभी काम कर रहे हैं। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्हें लक्षण दिखते ही जांच कराने तथा इलाज शुरू करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव निगम, जिला कार्यक्रम समन्वयक सहबान उल हक, जिला पीपीएम समन्वयक प्रवीण कुमार, संजीव व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

एडीएम प्रशासन नरेंद्र सिंह ने पोलिंग बूथों का किया गहन निरीक्षण

खतौली 15 दिसम्बर (बु.)। निकाय चुनाव के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुरा सिंह द्वारा मतगणना स्थल कबूल कन्या इण्टर कॉलेज का निरीक्षण किया गया। आगामी निकाय चुनाव को लेकर अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह का काफिला नगर के कबूल कन्या इण्टर कॉलेज पहुंचा, जहां अपर जिलाधिकारी द्वारा आगामी निकाय चुनाव की होने वाली मतगणना को लेकर विद्यालय क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा, पानी, विद्युत आदि व्यवस्थाओं का विशेष रूप से जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद उप-जिलाधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

शिक्षक की पुत्री विशाखा को राज्यपाल ने किया सम्मानित

खतौली 15 दिसम्बर (बु.)। शिक्षाविद व डॉ. चन्द्रमोहन शर्मा की सुपुत्री विशाखा शर्मा को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। नगर क्षेत्र की सैनीनगर कॉलोनी निवासी डॉ. चन्द्रमोहन शर्मा नगर के जवाहरलाल नेहरू स्मृति इण्टर कॉलेज में शिक्षक पद पर कार्यरत है। डॉ. शर्मा की पुत्री विशाखा शर्मा ने एमएससी मानव विकास में सर्वाधिक प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया है। विशाखा शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पूज्य माता-पिता तथा गुरूजनों को देते हुए कहा कि परिजनों ने उनका भरपूर समर्थन और साथ दिया। वहीं दूसरी ओर नगर के मौहल्ला बालकराम निवासी भाजपा नेता अजय मुर्जी सभासद की पुत्री वैदेही मुर्जी द्वारा चै. चरण सिंह विश्व विद्यालय एमएससी बायो में टॉप करने पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा कुलपति स्वर्ण पदक व विशिष्ट प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

एसडी गर्ल्स इंटर कॉलेज में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित, छात्राओं को बताए अधिकार

धरती से अंतरिक्ष तक महिलाओं ने लहराया है परचम

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार ने बताया कि गुरूवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त कलेन्डर के अनुसार प्राधिकरण की ओर से एसडी इण्टर बालिका विद्यालय -ांसी की रानी में 'महिला एवं बालिकाओं के अधिकार' विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव अनिल कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया।



फोटो बुलेटिन — जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित जाकरुकता शिविर में मंचासीन जज एवं अन्य महिला कल्याण विभाग के अधिकारी तथा शिविर में उपस्थित कॉलेज की छात्राएं।

कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार द्वारा उपस्थित बालिकाओं को बताया गया कि संविधान व सभी कानूनों में बालिकाओं व महिलाओं को समान अधिकार प्राप्त है। आवश्यकता, जागरूकता की है। परिवार, स्कूल, समाज, सरकार प्रत्येक स्तर पर संविधान में दी गई समानता को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयास किये जा रहे हैं, परन्तु अभी बहुत कुछ और करना है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा बालिकाओं के सशक्तीकरण का सबसे बड़ा हथियार है, धरती एवं आसमान से लेकर अन्तरिक्ष तक, गाँव प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक, प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। शिवांगी वुमैन वेलफेयर अधिकारी, डा. राजीव अध्यक्ष बाल एवं महिला संरक्षण, रजनी गोयल प्रधानाचार्य ने विचार व्यक्त किए गए। भव्या शर्मा, पराविधिक स्वंय सेवक उपस्थित रहे।

एस.डी. ग्लोबल स्कूल में कला वर्कशॉप संपन्न

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। एसडी ग्लोबल स्कूल में बच्चों को मनोरंजन के लिए चित्रकला का कार्यक्रम कराया गया। हरी एन. पाण्डेय (बिहार) ने स्कूल के सभी बच्चों को कागज, कपड़े व दीवार पर तेल व रंग के द्वारा चित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसकी मदद से हम उन चित्रों पर रंग व कढ़ाई करके उन्हें आकर्षित बना सकते है व उन चित्रों को नए साल, दीपावली व जन्मदिन जैसे उत्सव पर भी बना सकते हैं। बच्चों को पढ़ने के साथ-साथ मनोरंजन भी जरूरी होता है। ड्राइंग बच्चों की सिर्फ क्रिएटिव थिंकिंग को ही बेहतर नहीं बनाती, बल्कि इससे बहुत से फायदे भी हैं। इससे बच्चे में कई तरह से कौशल विकास होते है, क्योंकि जब बच्चा पढ़ने लगता है तो सबसे पहले वह जो चीज सीखता है, वह है ड्राइंग करना। छोटा सा बच्चा अपने हाथ मे पेंसिल या कलर लेकर कॉपी और दीवारों पर कलरिंग और ड्राइंग शुरू कर देता है, भले ही उसे सीधी लाइन खींचनी आए या ना आए, लेकिन वह ड्राइंग करना काफी पसंद करता है। समय के साथ-साथ उसकी ड्राइंग बेहतर होती जाती है। ड्राइंग से बच्चे के क्रिएटिव स्किल्स या लर्निंग एबिलिटी बढ़ती है। अगर बच्चा खुश होकर ड्राइंग करता है तो यह प्रयास उनके व्यक्तित्व को कई तरह से प्रभावित करता है और यही प्रयास उनका आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। इस मौके पर स्कूल के निर्देशक डॉ. सिदार्थ शर्मा व स्कूल की प्रधानाचार्या अनु मलिक ने भी बच्चों के साथ हरी.एन. पाण्ड्या की कला प्रतिभा की भी सरहाना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति गोयल व रवि (संयोजक), निशा, ईशा शर्मा, रूपा, श्वेता राजपूत, दीपावली, श्वेता जैन, दीपिका, मोनिका वर्मा, अमिता, रूचि, सोनिका शर्मा, अभिलाषा, सागर, रवि कुमार, सुमित गुप्ता, अरविन्द, सुभाष, अंकित, आदेश आदि का सहयोग रहा।

एसडी ग्लोबल स्कूल में चित्र कला प्रदर्शित करते नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते उनके शिक्षक।

एसडी इंजीनियरिंग में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

कला के सहारे छात्रों ने दिया सामाजिक, पर्यावरण, तकनीक का प्रेरक संदेश

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। एसडी कालेज आफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी, जानसठ रोड में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के छात्र/छात्राओं द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न विषयों तकनीकी, सामाजिक, पर्यावरण आदि का आयोजन किया गया। प्रस्तुत प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, प्रदूषण, कम्प्यूटर तकनीक, हाईब्रिड कार, ग्रीन बिल्डिंग, पावर प्लांट जैसे अनेक विषयों पर पोस्टर से विचार व्यक्त किए।

संस्थान के अधिशासी निदेशक प्रो. (डा.) एसएन चौहान ने छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता के टिप्स देते हुए बताया कि छात्र-छात्राओं को नियमित पठन-पाठन के साथ-साथ कम्यूनिकेशन स्किल, अनुशासन, अध्ययन तकनीकी, सांस्कृतिक व समसामयिक विषयों को पढ़ना व सीखना चाहिये। ज्ञान ही व्यक्ति की सबसे बड़ी पूँजी है। भारतीय ज्ञान परम्परा में कहा गया है कि 'ज्ञानं-परं-निधानं' साथ ही हमारा ज्ञान व्यवहारिक भी होना चाहिये। प्रो. एके गौतम ने छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अनुशासन में रहने सहित शिक्षा क्षेत्र की कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रो. पारेश पुण्डीर ने छात्र/छात्राओं को पर्यावरण की जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ पर्यावरण ही हमारी महती आवश्यकता है। पर्यावरण को शुद्ध रखने हेतु सर्वप्रथम हमें अपने आस-पास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। प्रतियोगिता में हर्षित, रितिक, सागर, आयुषी, कशिश, विधि, नीलम आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवानी कौशिक, मोनिका सिंह, आकांक्षा बंसल, आकांक्षा वत्स, पुनीत गोयल, विकुल कुमार, मुरसलीन रहमान, अनुज कुमार, निलाँशू गुप्ता, गिरधारी लाल, शुभम कश्यप, रिषभ भारद्वाज, सचिन कुमार, सोमपाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

फोटो बुलेटिन — अपने पोस्टरों का प्रदर्शन करते प्रतियोगिता प्रतिभागी छात्र।

एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में बीएससी (सीएस) द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों रहा जलवा

हर्षिता, सताक्षी और शगुन ने किया परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीएससी (सीएस) द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित होने के उपलक्ष में बीएससी (सीएस) के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाली हर्षिका जिसने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, द्वितीय सताक्षी गर्ग ने 85.2 प्रतिशत व तृतीय स्थान पर आने वाली शगुन ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। छात्र/छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अभिभावकों व शिक्षकों को दिया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में कॉलेज प्राचार्य डा. संदीप मित्तल ने उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को भविष्य में निरन्तर आगे बढने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की मेहनत व शिक्षकों का सही मार्ग दर्शन ही बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाता हैं, हमारे कॉलेज का परीक्षाफल इस वर्ष भी पिछले वर्ष की ही तरह बहुत अच्छा रहा व बीएससी (सीएस) विभाग के विभागाध्यक्ष व सभी शिक्षकगणों का आभार व्यक्त किया। विभागाध्यक्ष डा. संजीव तायल ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे कॉलेज मे छात्र/छात्राओं के लिये प्लेसमेंट के मार्गदर्शन की समुचित व्यवस्था है तथा बीएससी (सीएस) के अधिकतर छात्र/छात्राएं विभिन्न बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में कार्यरत है। डा. आलोक कुमार गुप्ता, चॉदना दीक्षित, रोबिन गर्ग, प्राची संगल, मौ. अन्जर, मोहित गोयल, श्वेता, राहुल शर्मा, प्रियंका शर्मा, रितु, अनुज, अवनी सिंघल, शशांक भारद्वाज, प्रशान्त गुप्ता, विनिता, अमित, सतीश मौजूद रहे।

फोटो बुलेटिन — परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं अपने शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव ये रहेः- रसकट ढैया-930-965, चाकू 1090-1240, लड्डू 1100-1211, खुरपापाड़ 1070-1123, शक्कर मसाला 1260-1270। आमद-8,000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर, (बु.)।
सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-
सोना- 53,300 चांदी-64,000
सिक्का- 750 गिन्नी- 41,000

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 16 दिसंबर, 2022

मेषः- समय भाग्य के पक्ष में, व्यावसायिक क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त, आय के स्त्रोत उपलब्ध, राजकीय पक्ष से लाभ, मनोरंजन की ओर रुझान, हर्ष भी।
वृषभः- आज दिन 2/04 बजे तक कठिनाइयाँ, स्वास्थ्य में शिथिलता, मानसिक अशांति, धनहानि भी, शेष समय में भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, शत्रु परास्त, दाम्पत्य जीवन मधुर।
मिथुनः- आज दिन 2/04 बजे तक सफलता, कठिनाइयों में कमी, स्वाध्याय में रुचि, प्रसन्नता, स्वजनों से अनबन की आशंका, विरोधी सक्रिय, व्यय।
कर्कः- कार्यों में संतोषजनक सफलता, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, यश-मान-प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पन्न, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता।
सिंहः- अधूरे या नवकार्यों में प्रगति हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, परोपकार में रुझान, जीवन साथी में सामंजस्य, रचनात्मक क्रिया-कलापों में अभिरुचि।
कन्याः- आज दिन 2/04 बजे तक प्रतिकूलता, व्यय की अधिकता, यात्रा में असुविधा, शेष समय में व्यक्तित्व का विकास, व्यापार में धन निवेश, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।
तुलाः- आज दिन 2/04 बजे तक अनुकूलता, मान-सम्मान में वृद्धि, वैमनस्यता का समापन, तदनन्तर समस्याएँ प्रभावी, पारिवारिक कष्ट, एकाग्रता भंग।
वृश्चिकः- लाभार्जन, व्यवसाय में अनुकूलता, प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पन्न, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, विवाद की निवृत्ति।
धनुः- कार्य-व्यवसाय में अनुकूलता, आरोग्य सुख, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, राजनैतिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, संत समागम।
मकरः- आज दिन 2/04 बजे तक कार्यों में उदासीनता, एकाग्रता का अभाव, व्यर्थ की भागदौड़, शेष समय में नवयोजना प्रगति पर, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त।
कुम्भः- आज दिन 2/04 बजे तक पुरुषार्थ से कार्य सिद्धि, व्यापार में नवपरिवर्तन, चित्त प्रसन्न, शेष समय में संकल्प सिद्धि का प्रयास असफल, शत्रु सक्रिय।
मीनः- कार्यों में प्रगति, समस्या का समाधान, शुभ-भावना का उदय, भोग-विलासिता, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

डीएवी कॉलेज में रोवर्स-रेंजर्स ट्रेनिंग कैंप शुरू

▸▸ पहले दिन टोली ज्ञान, नियम-प्रतिज्ञा और सिद्धांत का प्रशिक्षण दिया

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में डीएवी कॉलेज के प्रांगण में डा. राजेन्द्र प्रसाद क्रू व प्रतिभा सिंह पाटिल रेंजर टीम के रोवर्स व रेंजर्स का प्रशिक्षण शिविर का आरम्भ हुआ।

कॉलेज प्रांगण में गुरूवार को संपन्न हुई शिविर की उद्घाटन बेला पर माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के रोवर-रेंजर कॉर्डिनेटर डॉ. मुकेश चन्द एवं रोवर-रेंजर टीम की सदस्या डॉ. सुषमा सैनी, रेंजर लीडर द्वारा शिविर ध्वज फहराकर उद्घाटन किया गया। उन्होंने इस परम्परा के बारे में भी प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में सहदेव (सहायक रोवर लीडर), डॉ. शीश (सहायक रेजर लीडर), डॉ. सुभाष, डॉ. आसिफ, पूजा सिंह, अनुज उपस्थित रहे। शिविर का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त अमरपाल सिंह एवं गुंजन चौधरी, प्रशिक्षक जिला संगठन कमिश्नर भारत भूषण अरोरा के नेतृत्व में किया जा रहा है। शिविर को सफल बनाने में हरिओम, सायरा, रश्मि सादिका, विपुल आदि का योगदान रहा। शिविर में टोली बनाना, टोली का ज्ञान, ध्वज की जानकारी, प्रार्थना झण्डा गान, नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धान्त और रोवर रेंजर सलामी का प्रशिक्षण दिया गया।

फोटो बुलेटिन — डीएवी डिग्री कॉलेज में कैंप के दौरान ध्वज सलामी का प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।

युवती को प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले जाने का आरोप

भोपा, 15 दिसम्बर (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एक युवक पर उसकी पुत्री को प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में पिता-पुत्र समेत एक अन्य युवक पर मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि बीते सोमवार की देर शाम को हाजीपुर निवासी सूरज पुत्र कंवरपाल उसकी बहन को घर से बहला फुसलाकर प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले गया। पूरी रात परिजनों ने दोनों की तलाश की, लेकिन दोनों का कही पता नहीं चल पाया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि घटना में आरोपी के पिता कंवरपाल व आरोपी का दोस्त आदेश भी शामिल है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

हिमानी मित्तल ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में जीता स्वर्ण पदक

विजेता छात्राएं अपने शिक्षकों के साथ। फोटो बुलेटिन

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। गुरुवार को चै. चरण सिंह विश्वविद्यालय में जैन कन्या पाठशाला (पी.जी.) कॉलेज मुजफ्फरनगर एम.ए चित्रकला विषय की छात्राओं नें अपना परचम फहराया । विश्वविद्यालय की छात्रा कु. हिमानी मित्तल ने चित्रकला विषय में विश्वविद्यालय की मेरीट सूची में 93.90 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा महाविद्यालय की छात्रा कहकशा ने 91.70: अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा छात्र जीनत ने 90.55: अंक प्राप्त कर मेरीट में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। गुरुवार को जैन डिग्री कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सीमा जैन ने प्लेट का गौरव बढ़ाने वाली इन सभी छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। भविष्य में इसी तरह आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। चित्रकला विभागध्यक्षा डॉ. निशा गुप्त, एसो. प्रो.डॉ. वन्दना वर्मा, निधि सिंहवाल एवं कुलदीप कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष अभिव्यक्त किया।

जंतर-मंतर धरने पर पहुंचे भाजपा नेता पुनीत वशिष्ठ

जेएनयू में समाज विरोधी टिप्पणियों पर जताया रोष, कार्यवाही की मांग

दिल्ली में परशुराम परिषद् के धरने को सम्बोधित करते भाजपा नेता पुनीत वशिष्ठ। फोटो बुलेटिन

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। आज वरिष्ठ भाजपा नेता पुनीत वशिष्ठ अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ दिल्ली में जंतर मंतर पर धरने पर पहुंचे। यह धरना राष्ट्रीय परशुराम परिषद द्वारा विगत 2 दिसंबर को दिल्ली में जेएनयू यूनिवर्सिटी की दीवारों पर आपराधिक तत्व द्वारा लिखी गई टिप्पणियों 'ब्राह्मण भारत छोड़ो' और 'वैश्य भारत छोड़ो' के विरोध में किया गया।

इसमें राष्ट्रीय परशुराम परिषद के भारत के सभी प्रदेशों के पदाधिकारी मौजूद रहे। पंडित पुनीत वशिष्ठ राष्ट्रीय परशुराम परिषद के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष हैं, जिसमें पुनीत वशिष्ठ ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि ब्राह्मण वैश्य हमेशा शांतिप्रिय रहे हैं, परंतु अपराधिक तत्वों द्वारा ऐसे निंदनीय कृत्य को अंजाम देना अशोभनीय है। राष्ट्रीय परशुराम परिषद ऐसे कृत्यों का पुरजोर विरोध करती है और कड़े शब्दों में इसकी निंदा की जाती है। ऐसे शरारती तत्वों की पहचान करके उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। धरने में पूर्व राज्यमंत्री पंडित सुनील भराला, पंडित अजय भराला, पुनीत वशिष्ठ, राजेश शर्मा, मयंक शर्मा, योगेश शर्मा, अखिल शर्मा, संजय कपिल, अरविंद कुमार, राजू चौधरी सहित संगठन के हजारों पदाधिकारी मौजूद रहे।

सब जूनियर बालिका हैण्डबॉल चयन व ट्रायल कल

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन करने के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है।

जिला क्रीडाधिकारी हरफूल सिंह ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार 28 से 31 दिसम्बर 2022 तक प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन जौनपुर में प्रस्तावित है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए 17 दिसम्बर की प्रातः 11:00 बजे स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तर पर सब जूनियर बालिका हैण्डबॉल चयन/ट्रायल कराया जायेगा। ट्रायल के लिए इच्छुक खिलाड़ी समय से प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की जन्मतिथि 01.01.2006 या उसके बाद की होनी चाहिए। प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों को जन्मतिथि प्रमाण-पत्र/आधार कार्ड की मूल कॉपी/छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य होगा।

एमएससी परीक्षा में छात्राओं ने पाये सर्वोत्तम अंक

श्रीराम गर्ल्स कॉलेज की छात्रा मुस्कुराना, सलोनी और अंजली रहीं टॉपर

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। श्री राम गर्ल्स कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग के एमएससी (होम मैनेजमेंट) के चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने श्री राम गर्ल्स कॉलेज के परीक्षाफल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है।

एमएससी के चतुर्थ सेमेस्टर में मुस्कुराना ने 86.65 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। सलोनी ने 84.45 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और अंजली ने 84.45 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षकों और अपने परिजनों को दिया।

एमएससी होम मैनेजमेंट की चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने बताया कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी पूर्ण लगन और मेहनत से की थी, महाविद्यालय में तमाम शैक्षिक सुविधाओं द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन से ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त हुई। श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता के लिए आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि निरन्तर कठिन परिश्रम से सफलता सम्भव हो पाती है, यही श्रम हमको लक्ष्य तक पहुंचाता है। श्री राम गर्ल्स कॉलेज की डीन डॉ. श्वेता राठी ने छात्राओं की सफलता की प्रसंशा करते हुए कहा कि कॉलेज का अनुशासनात्मक तथा कलात्मक वातावरण छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक होता है। इस अवसर पर श्रीराम गर्ल्स कॉलेज की डीन डॉ. श्वेता राठी, प्रवक्ता रूबी पोसवाल, ईशा अरोरा, अलीना सिद्दीकी, सोफिया अंसारी, पायल पुंडीर, काजल और आयशा गौर ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

मुस्कुराना — सलोनी — अंजलि

कॉलेज में मनाया जश्न

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnag

1973-2022

सम्पादक की क़लम से

बिहार में जहरीली शराब

बिहार में जहरीली शराब ने दर्जनों घरों को उजाड़ दिया। इस खबर के साथ मुख्यमन्त्री नीतीश कुमार के बयान का भी चर्चा हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जो शराब पीएगा, वो मरेगा। मुख्यमन्त्री के इस बयान को गलत बताया जा रहा है। उन्हें संवेदन शून्य कहा जा रहा है। बिहार के छपरा में जहरीली शराब से 40 लोगों की मौत हो गई है। 30 मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनकी हालत गंभीर है, यानी मौतें और बढ़ सकती हैं। जिस मशरक इलाके में घटना हुई है, वहां जांच के लिए एस आई टी बना दी गई है। अब तक 86 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमन्त्री नीतीश कुमार ने कहा है कि जहरीली शराब से शुरू से लोग मरते हैं। सबको अलर्ट रहना चाहिए, क्योंकि जब शराब बंदी है, तो खराब शराब ही मिलेगी, जो पीएगा, वो मरेगा। केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने कहा है कि ये बिहार का दुर्भाग्य है। बिहार में जब से शराब नीति चली है, तब से कई हजार लोग मर गए। मगर मुख्यमंत्री की संवेदना नहीं जागती। सुशील मोदी ने कहा है कि शराबबंदी लागू होने के बाद 6 साल में 1000 से ज्यादा लोगों की जहरीली शराब से मौत हुई है। 6 लाख लोग जेल भेजे गए। छपरा में जहां शराब पीने से सबसे ज्यादा मौतें हुई, वहाँ पता चल रहा है कि एक फोन पर घर-घर शराब पहुंच जाती है। अब यह भी पता चल रहा है कि कई शवों के चोरी-छिपे अंतिम संस्कार कर दिए गए। पोस्टमार्टम केवल 22 का हुआ है। लोगों के चेहरे पर खौफ है। शराब पर सवाल किए तो कुछ ने कहा, पुलिस को सब पता था। सप्लायर की सेटिंग की वजह से वह सब नजरअंदाज करती थी। छपरा के बहरौली, मशरक तख्त, मढ़ौरा इलाके में शराब पीने से मौतें हुई। मौहल्लों में लोगों ने बताया कि मशरक में पुलिस की मिलीभगत से शराब का धंधा चल रहा है। सप्लायर की सेटिंग की वजह से ही पुलिस चुप थी। घर-घर दारू मिल रही है। यहां अड्ड़ों की कमी नहीं है। अस्पताल से पता चला कि जो भर्ती हैं, वो रोज शराब पीते थे। पहले कभी परेशानी नहीं हुई। सोमवार और मंगलवार को जिसने शराब पी, उसे दिक्कत हुई। एक मरीज बोला स्प्रिट वाली शराब पिला दी थी। शराब का डिस्ट्रीब्यूटर बहरौली का था। उसी की शराब से लोगों की तबीयत बिगड़ी। वह भी दारू पीने के बाद मर गया। हालत बिगड़ने के बाद उसे घरवाले अस्पताल लाए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस काण्ड में पुलिस-प्रशासन की घोर लापरवाही सामने आ रही है। इन्हीं इलाकों में चार महीने पहले भी देसी शराब पीने से 18 लोगों की मौत हुई थी। लेकिन, उन मौतों के मामले में पुलिस-प्रशासन ने जो सुस्ती दिखाई, उसका नतीजा हुआ कि उस काण्ड के आरोपी पकड़े नहीं गए। जहरीली शराब का काला धंधा करने वालों के हौंसले बुलंद बने रहे और एक बार फिर लोगों की जानें गईं। पुलिस की सुस्ती के कारण लोगों की विसरा रिपोर्ट आने ही में 94 दिन लग गए। पुलिस तत्पर रहती, तो दस दिन में यह काम हो सकता था और आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती थी। इस घटना के बाद भी पुलिस इलाके में शराब का अवैध धंधा रोकने में नाकाम रही। बिहार में शराबबंदी है। इसे लागू हुए छह साल हो गए हैं। तब भाजपा और जदयू की सरकार थी। अब भाजपा विपक्ष में है। शराब से जुड़े मामलों में हर माह 45 हजार से ज्यादा गिरफ्तारी हो रही है। फिर भी हर दिन दस हजार लीटर शराब जब्त हो रही है। सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। मुख्यमन्त्री नीतीश कुमार का दावा है कि शराबबंदी के बाद 1.64 करोड़ लोगों ने शराब पीना छोड़ दिया है। इसे और सख्ती से लागू किया जाएगा। नीतीश कुमार ने कहा है कि लोगों को जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह इसके लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान भी चला चुके हैं। बिहार में अब तक शराबबंदी कानून तोड़ने के मामले में कुल पांच लाख से ज्यादा केस दर्ज हो चुके हैं। बीते छह साल बिहार में करीब अढाई करोड़ लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। देसी शराब बनाने, बेचने और पिलाने का धंधा नया नहीं है और देसी शराब के कारोबार में जहर का कहर कोई पहली बार नहीं टूटा है। जब से ये कारोबार है, तब से इस तरह की मिलावट का सिलसिला जारी है। कई बार देश के कई हिस्सों से जहरीली शराब के कारण मौत की खबरें आ चुकी हैं। 2019 में उत्तर प्रदेश के दो ज़िलों और उत्तराखंड के रुड़की में जहरीली शराब कहर बनकर टूटी थी। सहारनपुर में जहरीली शराब से मरने वालों का आंकड़ा 50 तक पहुंच गया था। रुड़की में भी जहरीली शराब से 20 लोगों की मौत हो गयी थी। ज़िले के नागल, गागलहेड़ी और देवबंद थाना क्षेत्र के कई गांवों में दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी। कच्ची शराब घातक है यह बात हर पीने वाले को समझनी चाहिए। कच्ची शराब को अधिक नशीली बनाने के लिए इसमें कुछ ऐसे पदार्थ मिला दिए जाते हैं, जिनकी अधिक मात्रा विष का काम करती है। हाल के सालों में इस तरह की शराब में मिलाए जाने वाले कैमिकल को लेकर ये जानकारी सामने आई है कि उससे नपुंसकता और नर्वस सिस्टम से जुड़ी कई तरह की भयंकर बीमारियां हो सकती हैं। इसके सेवन से आँखों में जलन, खारिश और पेट में जलन हो सकती है और लंबे समय में इससे आँखों की रोशनी भी जा सकती है। कच्ची शराब में यूरिया और ऐसे केमिकल मिलाने की वजह से मिथाइल एल्कोहल बन जाता है, जो लोगों की मौत का कारण बन जाता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक मिथाइल शरीर में जाते ही केमिकल रिएक्शन तेज होता है। इससे शरीर के अंदरूनी अंग काम करना बंद कर देते हैं और तुरंत मौत हो जाती है। डॉक्टर कहते हैं, सामान्य शराब एथाइल एल्कोहल होती है, जबकि जहरीली शराब मिथाइल एल्कोहल कहलाती है। कोई भी एल्कोहल शरीर में लीवर के जरिए एल्डिहाइड में बदल जाती है, लेकिन मिथाइल एल्कोहल फॉर्मेल्डाइड नामक जहर में बदल जाता है। ये जहर सबसे ज्यादा आंखों पर असर करता है। अंधापन इसका पहला लक्षण है। किसी ने बहुत ज्यादा शराब पी ली है, तो इससे फॉर्मिक एसिड नाम का जहरीला पदार्थ शरीर में बनने लगता है। ये दिमाग के काम करने की प्रक्रिया पर असर डालता है। डॉक्टर यह भी कहते हैं कि मिथाइल एल्कोहल के जहर का इलाज इथाइल एल्कोहल है। जहरीली शराब के एंटीडोज के तौर पर टैबलेट्स भी मिलते हैं, लेकिन भारत में इसकी उपलब्धता कम है।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"प्यार" "डांट" "पप्पु" "खूबी"

प्यार से समझाइये या डांट कर समझाइये,
पप्पु क्या समझेंगे उनको उम्र भर समझाइये।
अपने एबों को जो खूबी ही समझते हों यहाँ,
ऐसे लोगों को बहुत कुछ सोच कर समझाइये।

व्यापारी बंधुओं की बैठक का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। गुरुवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा चन्द्रा टॉकीज के निकट स्थित बकरा मार्किट रोड़ पर एक व्यापारी बंधुओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं से व्यापार संगठन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। इस बैठक मे मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष जयपाल शर्मा, नगर प्रभारी अंशुमान अग्रवाल और नगर उपाध्यक्ष अमजद की मौजूदगी में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अधिकांश वक्ताओं ने मुख्य रूप से व्यापारी एकता पर बल दिया गया। साथ ही बीते दिनों से जनपद भर में व्यापारियों को परेशान करने के लिए जीएसटी विभाग द्वारा बिना पूर्व सूचना के की जा रही छापेमारी को पूर्ण रूप से गलत बताया गया। बैठक में व्यापार संगठन की इकाई के व्यापारी जावेद अंसारी एव सभासद नफीस अहमद ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के निदान के लिए जल्द ही एक व्यापारी पंचायत का आयोजन किया जाएगा। बैठक में दावा किया कि इस बैठक के माध्यम से व्यापारी से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से जावेद अंसारी, नफीस सभासद, विजय कुमार, प्रवीण कुमार, अहसान, जान नईम, डॉ. काले, राशिद, इरफान, अरशद, नीरज, लक्की आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

सड़क पर ठेलों का जमावड़ा बना परेशानी का सबब

खतौली 15 दिसम्बर (बु.)। जानसठ रोड़ स्थित शिवमूर्ति स्थल व रेलवे रोड़ पर सब्जी की ठेलियों का जमावड़ा, जहां निकटवर्ती कॉलोनी वासियों के लिए मुसीबत बन रहा है। वहीं ठेलियों के जमावड़े से यातायात व्यवस्था अवरूद्ध होने पर होने वाले झगड़ों के निस्तारण को लेकर पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से उदासीन दिखायी दे रहा है। जानसठ रोड़ स्थित शिवमूर्ति स्थल व रेलवे मार्ग पर पालिका पुलिस प्रशासन की अनदेखी के कारण सब्जी विक्रेताओं की ठेलियों का जमावड़ा बना हुआ है। शिवमूर्ति के चारों ओर सहित रेलवे रोड पर सड़क के किनारों सहित मध्य मार्ग पर खड़ी होने वाली ठेलियों के कारण यह मार्ग जहां यातायात जाम का एक जीता जागता दृश्य बन गया है, वहीं जाम के दौरान ठेलियों व आम नागरिकों के बीच होने वाले विवाद झगड़ों का सिलसिला प्रतिदिन बने रहने से निकटवर्ती कॉलोनी के परिजनों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं कॉलोनी वासियों की बार-बार शिकायत के पश्चात कोतवाली पुलिस मात्र औपचारिकता तक सीमित बनी दिखायी पड़ रही है, जिसके कारण विवाद की घटनाओं का कृत्य जारी बना हुआ है। वहीं नगर पालिका प्रशासन इस समस्या के प्रति पूर्व उदासीन बना हुआ है। गुरूवार को भी यातायात जाम के दौरान ठेली हटाने के नाम पर हुए विवाद के दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस मात्र औपचारिकता तक सीमित दिखायी दी।

संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बुस.)। संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति मुजफ्फरनगर की एक बैठक अध्यक्ष संजय मिश्रा के प्रतिष्ठान पर आहूत की गई। बैठक में भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से व्यापारियों द्वारा सरकार से ऑनलाइन व्यापार पर रोक लगाने की मांग रखी गई। इसके पश्चात बाजार में कुछ अफवाह है कि 72 घंटे की रोक के बाद जीएसटी टीम की छापेमारी पुनः शुरू होगी। अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि यह एक अफवाह मात्र है, व्यापारी निर्भीक होकर भयमुक्त वातावरण में व्यापार करे। जीएसटी विभाग से भी हमारा निवेदन है कि वे भी व्यापारियों से तालमेल बनाकर कार्य करें। भय का माहौल पैदा ना करे। इसके बावजूद अगर कोई उत्पीड़नात्मक कार्रवाई कहीं भी विभाग की तरफ से होती है, तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। व्यापारी सुबह से शाम तक कड़ी मेहनत करके सरकार को राजस्व देता है। संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति द्वारा मजबूती के साथ व्यापारियों की लड़ाई लड़ी जाएगी। किसी भी व्यापारी का नाजायज शोषण नहीं होने दिया जाएगा। अभी हाल ही में जीएसटी अधिकारियों द्वारा पूरे प्रदेश में व्यापारियों पर जो छापामारी शुरू की गई थी। इस प्रकरण को शासन के संज्ञान में लाया गया, जिस पर शासन द्वारा तत्काल प्रभाव से छापेमारी पर रोक लगाई गई। शासन के उच्च पदाधिकारियों द्वारा यह भी बताया गया कि जीएसटी विभाग द्वारा कुछ चिन्हित व्यापारी जो जीएसटी पंजीकरण के दायरे में आते हैं, अधिकारियों द्वारा उनके पंजीकरण कराने की बात ही कही गई है, जिस पर व्यापारी नेताओं द्वारा उनको कहा गया कि अगर ऐसे कुछ व्यापारी हैं, तो विभाग उनको नोटिस जारी करें एवं जवाब मांगे छापेमारी की कार्रवाई बिल्कुल अनुचित है। संयोजक सरदार सतपाल सिंह मान व सरदार बलविंदर सिंह ने कहा कि व्यापारी एवं सरकार एक-दूसरे के परस्पर सहयोगी हैं। व्यापारियों द्वारा रिकॉर्ड जीएसटी सरकार को दिया जा रहा है एवं सरकार ने भी यह माना है कि सरकार बनाने में व्यापारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर संजय मिश्रा, कृष्ण गोपाल मित्तल, सतपाल सिंह मान, सरदार बलविंदर सिंह, राकेश त्यागी, पवन वर्मा, नदीम, विक्की चावला, मो. सलीम, विजय बाटा, अमित जैन, रवि शर्मा, कुश कुच्छल, रमन शर्मा, सुखवीर सिंह, सुनील ग्रोवर, शलभ गुप्ता, रोहित शर्मा, राघव मिश्रा, रामकुमार, निशांत, रोशन, तरुण मित्तल आदि अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चुनाव में मजबूती से प्रत्याशी उतारेगी बसपा

-खतौली उपचुनाव में गठबंधन नहीं भाजपा प्रत्याशी की नाराजगी बड़ा कारण

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। बहुजन समाज पार्टी आने वाले स्थानीय निकाय चुनाव में मजबूती से दावेदारी करने के साथ नगर पालिका और नगर पंचायत चुनाव में अपने प्रत्याशियों को उतारेगी। गुरुवार को पार्टी कार्यालय पर संपन्न बैठक में बसपा नेतृत्व ने इसके लिए नगर पालिका और नगर निकाय चुनाव में प्रतिभाग करने वाले प्रत्याशियों से आवेदन पत्र मंगे गए हैं। गुरुवार को स्थानीय महावीर चौक स्थित बसपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता मं पत्रकारों से वार्ता करते हुए बसपा नेता सत्य प्रकाश ने दावा किया कि बसपा का उत्तर प्रदेश मे व्यापक जनाधार है, जिसके बल पर पार्टी इस बार पूरे प्रदेश में स्थानीय नगर निकाय चुनाव को पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों मे बसपा को एक करोड़ 66 लाख मत प्राप्त हुए थे और यह पार्टी राष्ट्रीय पार्टी के रूप मे देश की तीसरे नम्बर पर थी। पत्रकारों से वार्ता करते हुए पार्टी जिला अध्यक्ष सतीश कुमार रवि ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों में चेयरमैन के अलावा वार्ड सदस्यों के अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा पार्टी की जिला कमैटी द्वारा की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि दलित वोटो मे सेंध लगाने के लिए चन्द्रशेखर का कोई वजूद ही नहीं है। खतौली उपचुनाव में गठबंधन प्रत्याशी की जीत को उन्होंने भाजपा प्रत्याशी से नाराजगी को मुख्य कारण बताया, वहीं उन्होंने दावा किया की जब किसी भी चुनाव में बसपा खड़ी होती है, तो दलित मत स्वतः ही पार्टी की झोली में हाथी के चुनाव चिन्ह के साथ आ जाता है। खतौली उपचुनाव का उल्लेख करते हुए बसपा नेताओं ने आरोप लगाया कि इस चुनाव मे भाजपा नेता विक्रम सैनी ने दलितों के प्रति अशोभनीय टिप्पणी की, जिसका परिणाम यह रहा कि वे दलित मत भाजपा से खिसक लिए और इसका लाभ गठबंधन को मिल गया। बसपा पार्टी कार्यालय पर मीडिया के समक्ष सपा छोड़कर काजी अथहर अपने कई साथियों के साथ बसपा मे शामिल हो गए। इस दौरान मुख्य रूप से बसपा नेता सत्यप्रकाश, पूर्व मंत्री प्रेमचन्द गौतम, ऋषि पाल गौतम, चांदसिंह कश्यप, रजनीश कुमार, सतीश कुमार रवि, नरेन्द्र एड., इन्तजार राणा, जी.सिंह आदि उपस्थित रहे।

सहारनपुर मण्डल ने जीते 23 पदक

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। गोरखपुर में बीते दिवस सम्पन्न हुई 66वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालय क्रीड़ा एथेलेटिक्स प्रतियोगिता 2022-2023 में सहारनपुर मण्डल के खिलाड़ियों ने 23 मेडल जीत प्रदेश में अपना परचम लहराया है। गुरूवार को मुख्यालय पहुंचे खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता में 5 खिलाड़ियों में प्रथम और 14 खिलाड़ियों ने द्वितीय 4 खिलाड़ियों ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सहारनपुर मण्डल का नाम गौरान्वित किया। गोरखपुर में 11 दिसम्बर से शुरू हुई 66वीं प्रदेशीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की देख रेख में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सहारनपुर मण्डल में खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी आयु वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ में अविका बालियान प्रथम 1500 मीटर दौड़ में चेतना तृतीय लम्बी कूद में सीमा द्वितीय रीत राठोर हाईजम्प में प्रथम वैभव शर्मा 100 मीटर व 200 मीटर में तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा 100 मीटर दौड़ में आकाश व 200 मीटर दौड़ में पंकज तोमर तृतीय स्थान पर रहें। वहीं गोला फेंक में अनुज प्रथम 1500 मीटर व 3000 दौड़ में रिंकू द्वितीय स्थान पर रहे। इसके अलावा ऋषभ बाधा दौड़ में द्वितीय अविका बालियान द्वितीय, रीत राठुर ट्रीपल जम्प में मौहम्मद आहद द्वितीय स्थान पर रहे। अण्डर 19 आयु वर्ग रीले दौड़ में बालिका बालक टीम द्वितीय स्थान पर चयनित किये गये। इसके अलावा अण्डर 19 आयु वर्ग में सीमा हाईजम्प में सहारनपुर मण्डल का गौरव बढ़ाया। 66वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालय क्रीड़ा एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में दल नायक सुधीर कुमार, टीम मैनेजर सत्यकांन्त तोमर, बबीता राणा, टीम कोच डॉ. राहुल कुशवाह, अमित कुमार, आकाश कुमार, शुभम कुमार, पूनम रानी व सरिता दुबे आदि का विशेष सहयोग रहा।

ऑल इंडिया मुत्ताहिदा महाज ने सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कार्यवाही की मांग

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। केन्द्र सरकार ने अल्पसंख्यक वर्गों के आर्थिक तौर पर कमजोर विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए शुरू की गयी मोलाना आजाद फेलोशिप को बन्द करने के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ऑल इंडिया मुताजा महाज के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने इससे पूर्व अल्पसंख्यक वर्ग के लिए पहली कक्षा से 8वीं तक स्कालरशिप और सिविल सर्विस की तैयारी करने वाले अल्पसंख्यक उम्मीदवारों के लिए नई उड़ान स्कीमो को खत्म करने के बाद यह तीसरा बड़ा फैसला है, जिसकी चोट प्रत्यक्ष रूप से अल्पसंख्यक वर्गों के विद्यार्थियों पर पड़ेगी, जोकि आर्थिक तंगी और गरीबी की वजह से शिक्षा प्राप्त करने से महरूम रहते हैं। गुरुवार को ऑल इंडिया मुत्ताहिदा महज के अध्यक्ष शाहनवाज ने राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि यह बात सभी जानते हैं कि सरकार का बुनियादी काम समाज के उन वर्गो की देखरेख करना है, जो गरीबी और आर्थिक तंगी की वजह से शिक्षा के मैदान में पिछड़ गये है। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट से यह साबित हो चुका है कि अल्पसंख्यक मुस्लिम वर्ग की हालत दलितों से भी अधिक बदतर हो गयी है और इन्हें मैन स्ट्रीम में लाने के लिए उचित कदम उठाये जाने जरूरी है, लेकिन यह सरकार ऐसा करने के बजाय उनको पहले से प्राप्त सुविधाओं पर कैची चला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार का बुनियादी नारा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास तथा एक हाथ में कुरान और एक हाथ में कम्प्यूटर इन नारो को अमल की कसौटी पर जब परखते है, तो सख्त मायूसी हाथ आती हैं। आल इण्डिया मुत्तेहिंदा महाज ने मांग की कि केन्द्र सरकार द्वारा प्री मैट्रिक स्कालरशिप और मौलाना आजाद फैलोशिप को दोबारा शुरू करायी जाये, ताकि अल्पसंख्यक वर्ग के गरीब बच्चों को शिक्षा हासिल करने में दिक्कत न आये। इस दौरान महबूब आलम एडवोकेट, फैजयाब खान, हाजी मुनव्वर हुसेन, सैय्यद मुज़म्मिल, काजी मौ. नईम, सैय्यद अली मेहदी, मौ. जहीरूदीन, अनवारूल, दिलनवाज, नदीम अंसारी, उमरदराज, रिजवान अंसारी, शाहरूख, डॉ मुकीम, काजी मोहतसीब सैयवद अकलीम आदि मौजूद रहे।

पूर्व विधायक व हिंदू नेता पर लगाया फर्जीवाड़ा कर भूमि कब्जाने का आरोप

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। नगर के भोपा रोड तिलकनगर कूकड़ा के एक ही परिवार के 3 भाईयों के नाम दर्ज खानदानी भूमि को फर्जी बैनामों के सहारे बेचने और उस पर अवैध कब्जा करने के आरोप लगाते हुए भू-माफिया और राजनैतिक गठजोड़ के साथ ही कई नेताओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग शासन प्रशासन से की है। गुरुवार को करके बालाजी चौक स्थित एक रेस्टोरेंट में इस गठजोड़ से प्रभावित दलित किसान परिवार ने आरोप लगाया कि उनकी करीब 8 करोड़ रुपये कीमत की 4200 वर्ग गज भूमि को फर्जीवाडा करते हुए कब्जा लिया गया है और उनके खिलाफ ही फर्जी मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। बालाजी चौक पर स्थित रेस्टोरेंट में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सदर तहसील के मौहल्ला शांतिनगर निवासी दलित किसान महक सिंह व चहक सिंह आदि ने मीडिया से वार्ता करते हुए अपनी पीड़ा को उजागर किया। इस दौरान उनके साथ मौजूद रहे शांतिनगर निवासी रोहित शर्मा ने बताया कि ये सभी एक ही परिवार के भाई हैं, जिनकी खेती की करीब 42 वर्ग गज भूमि गांव कूकड़ा के मौहल्ला तिलकनगर में है। रोहित शर्मा के अनुसार इनके द्वारा खेती की करीब 60 बीघा भूमि विभिन्न लोगों को बेची गयी। इसके साथ ही परिवार द्वारा 5 बीघा भूमि बचा ली गयी थी, जिसमें से करीब 4200 वर्ग गज भूमि पर एक पूर्व विधायक समेत हिंदू संगठनों के कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया, जिसका बाद में पता चलने पर पीड़ित अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। रोहित शर्मा ने आरोप लगाया कि इनकी भूमि खसरा नम्बर 52 के अन्तर्गत दर्ज है, इसी भूमि को हिस्ट्रीशीटर विशाल कश्यप निवासी शांतिनगर और दूसरे आपराधिक छवि के व्यक्ति जगमाल पुत्र सुखबीर सिंह निवासी ग्राम नन्हेड़ी भोपा द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कब्जा ली और फर्जी बैनामे करा दिये। इसके अलावा दो लोगों ने फर्जी तरीके से सेठू और नानू बनकर ये फर्जी बैनामे किये हैं, जोकि इन परिवारों के नामों से फर्जी मालिक बनकर किये गये। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि ये बैनामे वर्ष 2008 से वर्ष 2012 में अलग अलग व्यक्तियों को किये गये, जिसका उन्हें पता बीते वर्ष 2020 में लगा। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद इनके द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया, जिसमें विशाल और जगमाल को पुलिस ने जेल भेज दिया था। पीड़ितों ने इस मामले में अधिकारियों से मांग की कि वर्ष 1993 के बाद से किए गए बहनों की जांच किए जाने के साथ उनकी जान माल की भी सुरक्षा की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके। दौरान कल्लू राम व रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। राजकीय इण्टर कॉलेज में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य शैलेन्द्र त्यागी व प्रधानाचार्य डॉ. विकास कुमार द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में आस पास के क्षेत्रों की समस्या सुलझाने वाले टिकोण और स्थानीय परिवेश के अनुरूप आवश्यकता आधारित उपयुक्त तकनीक को विकसित करने तथा दैनिक जीवन की परिस्थितियों के साथ मौलिक विचारों को एकीकृत करने हेतु प्रेरित करना है, जिससे बालक राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य और निर्माण में सकारात्मक भूमिका निर्वहन और क्रियात्मक योगदान करें। प्रधानाचार्य शैलेन्द्र त्यागी ने कहा कि बालक में वैज्ञानिक संस्कार बचपन से ही पनपते है, बच्चों को प्रयास करते रहना चाहिए कि वे अधिक से अधिक प्रदर्शनी व प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें। कार्यक्रम प्रभारी डॉ.ा विकास कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में जिला स्तरीय आयोजित प्रदशनी में जिले के माध्यमिक विद्यालयों के 350 छात्र छात्राओं ने क्रियाशील व स्थिर मॉडल का प्रदर्शन जूनियर व सीनियर दो वर्गों में किया। प्रधानाचार्य शैलेन्द्र त्यागी प्रधानाचार्य डॉ. रणबीर सिंह डायट प्रवक्ता रीनू डायट प्रवक्ता शिव प्रकाश निर्णायक मण्डल में रहें। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सनातन धर्म इण्टर कॉलेज मीरापुर के बाल वैज्ञानिक अभिषेक व यशी को व सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले के के इण्टर कॉलेज बघरा के छात्र हर्ष कुमार व दिनेश कुमार को 4000 रुपए व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। सीनियर वर्ग में सना व जूनियर वर्ग में जैनब को द्वितीय विजेता के रूप में 3000 रुपए व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। तृतीय विजेता जूनियर वर्ग में आर्यन कुमार व सीनियर वर्ग में ग्रेसी को 2000 रुपए व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। 10 बाल वैज्ञानिको निधी वैष्णवी रिया मांगे राम अमानुल्लाह, शवांश, यश त्यागी, नितिन कुमार, जैनब अंसारी, अंशुल कुमार को 500 रुपए व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अमित कुमार, अजय कुमार, संदीप कुमार कौशिक, आशीष द्विवेदी, ममता रानी, ब्रह्म प्रकाश, अभिषेक गर्ग आदि का सहयोग रहा।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने किया प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। गुरुवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव सुजीत बंजारा व रामपाल मांडी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने 4 सूत्रीय मांगों से जुड़ा एक ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम डीएम को सौंपा। उक्त ज्ञापन में उन्होंने मांग की कि जनपद को चारों तरफ से टोल प्लजाओ से घेर लिया है। ऐसे में किसी को अगर शामली जाना है, तो आने वाले समय में काजीखेड़ा के निकट टोल देना पडेगा, वहीं जानसठ को जाने वाले है, तो आने वाले समय में इधर भी टोल देना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पुरकाजी जाने के लिए छपार में टोल देना पड़ रहा है, अगर देवबन्द जायेंगे। वहां पर एक तरफ के लिए 155/- टोल देना पड़ रहा है, मेरठ जायेंगे तो वहां भी मुजफ्फरनगर के लोगों को टोल देना पड़ रहा है। उन्होंने लिखा कि जनपद की जनता टोल से परेशान है, एक तरफ महंगाई बढ़ रही है, तो दूसरी तरफ टोल की मार पड़ रही है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने मांग की कि मुजफ्फरनगर की जनता पर 40/- रुपए फिक्स टोल किया जाये। दूसरी ओर आजादी के75 वर्ष बाद सभी राजनैतिक पार्टियां महिलाओं को आरक्षण के नाम पर छल और ठग रही है। लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाये। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जितने भी जिला अस्पताल है सबकी साज सज्जा हो चुकी है, ऐयर कंटीशनर लग गये है, टाईल्स पत्थर भी लग गये है, लेकिन जब कोई गंम्भीर मरीज आता है तो उसको मेरठ/ दिल्ली के लिए रैफर कर दिया जाता है। शुक्रताल एक तीर्थ स्थल है, पूरे देश का व्यक्ति यहां भ्रमण करने आता है, यहां एक एम्स की स्थापना की जाये। इसके अलावा प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान में सांसद निधि, विधायक निधि समाप्त जाने की मांग की। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जटवाड़ा में तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का उद्घाटन हुआ

जानसठ, 15 दिसम्बर (बु.)। निकटवर्ती गांव जटवाड़ा में स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में तीन दिवसीय खेल उत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन में सीओ सिटी मुजफ्फरनगर यतेंद्र नागर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं संस्था प्रधानाचार्य आकाश वाजपेयी द्वारा बच्चों को खेल भावना के साथ खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सीओ सिटी और प्रधानाचार्य आकाश वाजपेयी द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित के बाद फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य आकाश वाजपेई ने सभी बच्चों को खेलकूद के प्रति जागरूक किया और कहा कि खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले बच्चे हमेशा आगे बढ़ते हैं। उनकी मानसिक और शारीरिक स्थिति दूसरों के मुकाबले बेहतर होती है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किए। संस्था के खेल अधिकारी आशीष कुमार द्वारा सभी बच्चों को एक स्वस्थ शरीर के साथ ही एक स्वस्थ बुद्धि का विकास हो सकता है, जिसके लिए की खेलकूद बहुत ही आवश्यक होने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रुप से संजय कुमार, जन्मेजय कुमार, अभिनंदन सिंह, राजेंद्र

हनुमानगढ़ी के संत राजूदास ने कहा: जिस थिएटर में पठान फिल्म लगे उसे फूंक दो

अयोध्या, 15 दिसंबर (वार्ता)। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म पठान का अयोध्या का संत समाज भी विरोध कर रहा है। हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी राजूदास ने कहा कि जिस थिएटर में यह फिल्म लगे उसे फूंक दो। दुष्टों के साथ दुष्टता का आचरण ही करना चाहिए। दरअसल, इस फिल्म के गाने बेशरम रंग में दीपिका भगवा रंग की बिकिनी पहने हुए हैं। इसमें शाहरुख और दीपिका ने बोल्ड सीन दिए हैं। दीपिका के भगवा रंग की बोल्ड ड्रेस पहनने पर ही विवाद हो रहा है। राजूदास ने कहा, बॉलीवुड-हॉलीवुड लगातार इस प्रयास में रहता है कि किसी प्रकार से सनातन धर्म, संस्कृति का मजाक उड़ाए। हिंदू देवी-देवताओं का अपमान किया जाए। साधु-संतों का रंग, राष्ट्र का रंग, देश का रंग, सनातन संस्कृति का रंग भगवे का जिस तरह से पठान मूवी में अपमान किया गया है। यह बहुत दुखद है। उन्होंने पठान फिल्म का बहिष्कार करने की अपील की है।

रामजन्मभूमि पर तैनात महिला सिपाहियों ने 'पतली कमरिया...' पर बनाई रील, चारों लाइन हाजिर

अयोध्या, 15 दिसंबर (वार्ता)। अयोध्या में राम जन्मभूमि की सुरक्षा में तैनात चार महिला सिपाहियों की रील वायरल होने के बाद उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है। चारों सिपाहियों ने ड्यूटी के दौरान भोजपुरी गाने 'पतली कमरिया मोरी... हाय हाय हाय' गाने पर रील बनाई थी जो कि वायरल हो गई। इस दौरान एक सिपाही डांस कर रही थी जबकि दो उसे प्रोत्साहित कर रही थीं और एक वीडियो बना रही थी। मामले की जानकारी होते ही अयोध्या के एसएसपी मुनिराज ने उन्हें लाइन हाजिर कर दिया। जिन महिला सिपाहियों को लाइन हाजिर किया गया है उनमें कविता पटेल, कामिनी कुशवाहा, कशिश साहनी व संध्या सिंह हैं। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण तीव्र गति से किया जा रहा है जिसे देखते हुए सुरक्षा के बेहद कड़े प्रबंध किए गए हैं। यहां पर हर समय भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहता है। इन सिपाहियों का हंसी मजाक बड़ी लापरवाही माना जा रहा है। चारों महिला सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

जहरीली शराब पीने से अब तक 45 लोगों की मौत

छपरा, 15 दिसंबर (वार्ता)। शराबबंदी वाले राज्य बिहार में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों का बुधवार को शुरू हुआ सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। यहां अब तक 45 लोगों की मौत हो चुकी है। सारण जिले में जहरीली शराब पीने से मौत का यह आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। बीते रोज सबसे अधिक मसरख के 10 लोगों की मौत हुई थी। बीमार पड़ रहे लोगों ने आंखों की रोशनी कम होने की भी शिकायत की थी। बिहार के छपरा जिले में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 45 तक पहुंच गई है।

गोधरा ट्रेन अग्निकांड के दोषी को मिली राहत, 17 साल बाद मिली जमानत

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (वार्ता)। साल 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड में सुप्रीम कोर्ट ने दोषी को बड़ी राहत दी है। अदालत ने इस मामले में दोषी फारुक को जमानत दे दी है। दोषी 17 साल से जेल में बंद है। उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। फारुक को जमानत देते वक्त अदालत ने कहा कि वो 17 साल जेल में सजा काट चुका है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ ने दोषियों में से एक फारुक की ओर से पेश वकील की दलील पर विचार किया। फारुक के वकील ने कहा कि अब तक की अवधि को देखते हुए उसे जमानत दी जाए। मामले में सुनवाई के वक्त गुजरात सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। उन्होंने कहा कि यह सबसे जघन्य अपराध था जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत 59 लोगों को जिंदा जला दिया गया था। तुषार मेहता ने कहा कि दोषियों की अपील जल्द से जल्द सुनने की जरूरत है। गौरतलब है कि अदालत ने फारुक समेत अन्य लोगों को साबरमती एक्सप्रेस के कोच पर पथराव करने का दोषी पाया था। तुषार मेहता ने कहा कि आमतौर पर पथराव करना मामूली प्रकृति का अपराध है, लेकिन ट्रेन पर इसलिए पथराव किया गया था कि जिससे यात्री जलती ट्रेन से बाहर ना आ सकें और जलकर उनकी मौत हो जाए। 27 फरवरी, 2002 को गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस की बोगी र-6 को आग के हवाले कर दिया गया था। अग्निकांड में 59 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। इस घटना के बाद गुजरात में दंगे भड़क गए थे।

गैंगस्टर एक्ट में माफिया मुख्तार को 10 साल की जेल

वाराणसी , 15 दिसंबर (वार्ता)। 31 साल पहले चर्चित अवधेश राय हत्याकांड में बांदा जेल में बंद बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी और उसके सहयोगी भीम सिंह को गाजीपुर की एमपी-एमलए कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के 26 साल पुराने मामले में 10 साल की सजा से दंडित किया है। इसके साथ ही दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इसे लेकर अवधेश राय के भाई व कांग्रेस नेता अजय राय ने गुरुवार को वाराणसी में न्यायपालिका का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज गाजीपुर न्यायालय ने मुख्तार अंसारी को सजा सुनाई। मेरे बड़े भाई अवधेश राय हत्याकांड के बाद गैंगस्टेर एक्ट का मुकदमा लगाया गया और अब उसे 10 साल सजा सुनाई गई है। साथ ही पांच लाख रुपये का जुमार्ना लगा है। गैंगस्टर एक्ट का यह मामला 1991 में वाराणसी में अवधेश राय हत्याकांड के बाद मुख्तार अंसारी और उसके सहयोगी भीम सिंह पर गाजीपुर की सदर कोतवाली में 1996 में दर्ज हुआ था। तब मुख्तार अंसारी पर 1991 में अवधेश राय हत्याकांड, गाजीपुर कोतवाली क्षेत्र में तत्कालीन एडिशनल एसपी पर गोली चलाने के अलावा कुछ अन्य मामलों को लेकर कुल पांच चार्ज लगे थे।

परमाणु क्षमता से लैस अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (वार्ता)। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद बढ़े तनाव के बीच भारत ने गुरुवार को जमीन से जमीन पर मार करने की क्षमता वाली परमाणु संपन्न बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का रात्रि परीक्षण सफलतापूर्वक किया। रक्षा सूत्रों ने इस परीक्षण के बारे में जानकारी दी। इस मिसाइल में तीन स्टेज में संचालित होने वाला सॉलिड फ्यूल इंजन लगाया गया है। अग्नि-5 पांच हजार किलोमीटर तक सटीक मार करने की क्षमता रखती है। ओडिशा के बालासोर तट स्थित अब्दुल कलाम परीक्षण केंद्र पर यह परीक्षण किया गया।

ट्रस्ट व आरबीआई के नाम पर मंडी समिति के रिटायर लिपिक से लाखों की ठगी

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। एक व्यक्ति से ट्रस्ट व आरबीआई के नाम पर लाखों रुपए की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध एसएसपी से शिकायत की, जिस पर एसएसपी ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है। सभी आरोपी एक ही परिवार के हैं।

एसएसपी के आदेश पर सिविल लाईन थाने पर दर्ज हुई रिपोर्ट संतोष विहार निवासी आजादवीर सिंह पुत्र सुखवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2016 में एक परिवार उनके मकान में किराये पर रहने आया था। परिवार का मुखिया एक राजकीय इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त शिक्षक है। उक्त लोगों ने बताया कि उनका एक पुत्र समाचार पत्र व न्यूज चैनल में रिपोर्टर है। उसे बताया गया कि परिवार के मुखिया की मृतक पत्नी के नाम पर कोई ट्रस्ट चलाया जा रहा है, जिसकी करोड़ों की सम्पत्ति है। उसे कहा गया कि 80 हजार रुपए जमा करने पर वह ट्रस्ट का मैम्बर बन जायेगा। उक्त लोगों की बातों में आकर उसने 80 हजार रुपए उक्त लोगों को दे दिये। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उसे झांसा दिया कि वह लोग अपने भांजे के साथ मिलकर उत्तराखंड में प्रॉपर्टी डीलिंग और वन विभाग की लकड़ी की ठेकेदारी करते हैं। पीड़ित ने बताया कि वह कृषि उत्पादन मंडी समिति में लिपिक था और वह 2018 में सेवानिवृत्त हुआ था। आरोपियों की बातों में आकर उसने 1 लाख 97 हजार 9 सौ 50 रुपए आरोपियों को दे दिये। आरोपियों ने उसे बताया था कि ट्रस्ट को लेकर आरबीआई में मुकदमा चल रहा है। बाद में उसे बताया गया कि मुकदमा वह लोग हार गये हैं और उसके नाम पर एक अलग ट्रस्ट बना देंगे, जिसमें पुराने ट्रस्ट की सम्पत्ति भी अटैच हो जायेगी। आरोप है कि पीडित से कोरे कागजातों पर हस्ताक्षर करा लिये गये और उसे आरबीआई का एक फर्जी कार्ड सौंप दिया गया। पीड़ित ने जब आरोपियों से अपनी रकम वापस मांगी, तो उक्त लोगों ने उसे धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसके पुत्र की दुकान पर जाकर पूरे परिवार को मार डालने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर-के कार्यवाही शुरू कर दी है।

निषेधाज्ञा उल्लंघन के मामले में राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल एमपी एमएलए कोर्ट में पेश

मुजफ्फरनगर,15 दिसंबर (बु.)। शहर कोतवाली में दर्ज निषेद्याज्ञा उल्लंघन के मामले में राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल एमपी एमएलए कोर्ट में पेश हुए। अधिवक्ताओं के नो वर्क के कारण मामले की सुनवाई स्थगित कर दी गई। मामले की अगली सुनवाई के लिए 21 दिसंबर निर्धारित की गई है।

राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल और अन्य लोगों के खिलाफ वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान शहर कोतवाली में निषेद्याज्ञा उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई विशेष एमपी एमएलए कोर्ट में चल रही है। गुरूवार को कोर्ट में मामले की सुनवाई थी। सुनवाई के चलते गुरूवार को राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल एमपी एमएलए कोर्ट में पेश हुए। हालांकि गुरूवार को अधिवक्ताओं के नो वर्क के कारण मामले की सुनवाई नहीं हुई। मामले की अगली सुनवाई के लिए 21 दिसंबर की तिथि निर्धारित की गई है।

दो स्थानों पर छात्रों के बीच मारपीट से मची भगदड़

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। सिविल लाइन थानाक्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छात्रों के गुटों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कुछ छात्रों को दबोच लिया। हालांकि पुलिस ने चेतावनी देकर छात्रों को उनके अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया। सिविल लाइन थानाक्षेत्र के फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास गुरूवार को छात्रों के दो गुटों में मारपीट हो गई। दोनों गुटों के बीच जमकर लात घूसे और बेल्ट चली। मारपीट से सड़क पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर झांसी रानी चौक पर तैनात पुलिसकर्मियों ने कई छात्रों को दबोच लिया और थाने ले गई। उधर, सिविल लाइन थानाक्षेत्र के ही सरकुलर रोड पर छात्रों के बीच जमकर मारपीट हुई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस को देखकर छात्र फरार हो गए। उधर, पुलिस ने फायर ब्रिगेड के पास से पकड़े गए छात्रों के अभिभावकों को थाने बुला लिया। पुलिस ने छात्रों को चेतावनी देकर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पड़ोसियों ने युवती को मारपीट कर घायल किया

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। पड़ौस के लोगों ने एक युवती को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। भौराकलां थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में ग्राम मुंडभर निवासी सोनिया पुत्री राजवीर ने बताया कि वह अपने घर की छत पर कपड़े सुखाने गई थी। वहीं सोमपाल और उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

मोबाइल टावरो में चोरी करने के आरोपी को 2 साल कैद की सजा

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। अदालत ने मोबाइल टावर में चोरी करने के आरोपी को 2 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। प्रकरण थाना खतौली क्षेत्र का है, सिविल लाइन निवासी प्रवीण ने थाने में तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया था कि चोरों ने रात्रि में उसके अंतवाडा स्थित मोबाइल टावर से बैटरी चोरी कर ली है, इस घटना के 1 माह बाद लोहारीखुर्द में लगे मोबाइल टावर से भी चोरों ने बैटरी चोरी कर ली थी, जिसकी रिपोर्ट मोबाइल टावर के टेक्नीशियन रवि तोमर ने थाने में दर्ज कराई थी, इन दोनों घटनाओं के 1 माह बाद पुलिस ने 5 चोरों को पकड़कर उनसे चोरी का माल बरामद किया था। पकड़े गए आरोपी मंगोलपुरी दिल्ली निवासी नीरज पुत्र गोपाल, रूपनगर लोनी गाजियाबाद निवासी जावेद पुत्र लताफत, सैफई, इटावा निवासी मिंटू उर्फ सागर पुत्र हरिचंद, सूजडू कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर निवासी शहजाद पुत्र शमीम और बाली उर्फ बालकिशन पुत्र अंगद सिंह निवासी रूपनगर सरस्वती विहार लोनी गाजियाबाद थे। खतौली के पूर्व प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी द्वारा इन आरोपियों के विरुद्ध चोरी के अलावा गैंगस्टर का अभियोग भी पंजीकृत कराकर चालान किया गया था। अभियुक्त जावेद, मिंटू और नीरज फरार हैं, जिनके कोर्ट से एनबीडब्ल्यू जारी हैं, जबकि शहजाद का विचारण जारी है, गैंगस्टर जज अशोक कुमार ने आज सुनवाई उपरांत एक अभियुक्त बाली उर्फ बालकिशन को गैंगस्टर एक्ट में 2 साल की कैद और 5 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। मामले की पैरवी वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी संदीप सिंह, दिनेश सिंह पुंडीर और राजेश शर्मा विशेष और लोक अभियोजक ने की।

सीसीएस के दीक्षांत समारोह में मुजफ्फरनगर की प्रांजुल अरोरा स्वर्ण पदक से सम्मानित

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रांजुल को स्वर्ण पदक के साथ डिग्री भी सौंपी
- योगा साइंस में नानुपुरी की प्रांजुल ने यूनिवर्सिटी को किया है टॉप

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मुजफ्फरनगर की नानुपुरी निवासी छात्रा प्रांजुल अरोरा को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया है। प्रांजुल यूनिवर्सिटी में योगा साइंस की छात्रा के रूप में टॉपर रही है। प्रांजुल की उपलब्धि से परिवार के साथ ही नाते रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने खुशी जताते हुए उसका स्वागत किया है।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 195 छात्र-छात्राओं को 228 स्वर्ण पदक विशिष्ट योग्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान यूजी-पीजी के 131193 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी गई। मुजफ्फरनगर की नानुपुरी निवासी छात्रा प्रांजुल अरोरा ने भी सम्मानित होकर जिले का गौरव बढ़ाया है। बिजनेसमैन गोविन्द अरोरा की बेटी प्रांजुल अरोरा ने यूनिवर्सिटी में योगा साइंस पाठ्यक्रम में टॉप किया है। इसी के चलते राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज दीक्षांत समारोह में प्रांजुल को स्वर्ण पदक, विशिष्ट योग्यता प्रमाण पत्र और डिग्री सौंपकर सम्मानित किया। बेटी की इस कामयाबी से पूरा परिवार गदगद है। आस-पडौस के लोगों ने भी गोविन्द अरोरा के घर पहुंचकर बेटी की इस कामयाबी पर बधाई दी। परिवार ने मिठाई बांटकर बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी जताई। स्वर्ण पदक विजेता प्रांजुल अरोरा ने कहा कि वह योगा लिटरेचर में ही अपना करियर बनाना चाहती है। आज योगा में भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में अनेक उपलब्धियां सामने हैं। एक करियर के रूप में भी योगा साइंस में भविष्य काफी सुरक्षित है। प्रांजुल अरोरा इस कामयाबी का श्रेय अपने पिता गोविन्द अरोरा और मां सपना अरोरा के साथ भगवान को देती है। उनका कहना है कि परिवार के सहयोग की बदौलत ही वो इस मुकाम तक पहुंच पाई है। पूरा परिवार लगातार उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहा है।

जीएसटी से पीछा छूटा तो अब खाद्य विभाग करेगा कार्रवाई

एडीएम ने दिए मिलावट के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

मुजफ्फरनगर,15 दिसंबर (बु.)। जीएसटी से पीछा छूटा तो अब खाद्य विभाग को मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान चलाने को कहा गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा जनपद में दूध, मिठाई, नमकीन, तेल व अन्य खाद्य पदार्थ का निर्माण करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया कि आम जनमानस को अच्छी से अच्छी खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाए, अपनी निर्माण इकाइयों की नियमित साफ-सफाई की जाए, निर्माण इकाइयों पर काम करने वाले व्यक्तियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए, अपने लेवल और पैकेजिंग पर प्रॉपर इंफॉर्मेशन दी जाए ताकि आम जनमानस में विश्वास पैदा हो सके तथा यह भी निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई खाद्य कारोबरकर्ता दूषित खाद्य सामग्री बनाता हुआ अथवा बेचता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी कीमत पर मिलावटखोर को छोड़ा नहीं जाएगा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करते रहें। निरीक्षण की कार्रवाई करते रहें और किसी भी दशा में दूषित या मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री ना होने दें। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य डॉ.चमन लाल, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विवेक कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव कुमार, विकास कुमार , राकेश कुमार, अनिल कुमार, मनोज कुमार, प्रेम कुमार त्रिपाठी, अशोक कुमार के साथ-साथ नमकीन, मिठाई, दूध, तेल, व अन्य निर्माण कार्य से जुड़े खाद्य कारोबरकर्ता उपस्थित रहे।

घर में घुसकर प्लास से सिरफिरे ने किए 15 वार

नई दिल्ली, 15 दिसम्बर (वार्ता)। बारहवीं कक्षा की छात्रा पर तेजाब डालने की घटना को लोग अभी भूले भी नहीं थे कि अब न्यू उस्मानपुर इलाके में एक सिरफिरे युवक ने घर में घुसकर दसवीं कक्षा की छात्रा पर प्लास से हमला कर दिया। आरोपी 15 साल की किशोरी पर लगातार वार करता रहा। हमले के दौरान पीड़िता के सिर व हाथ में गंभीर चोट आई। बाद में आरोपी फरार हो गया। शोर सुनकर पड़ोसी वहां पहुंचा और छात्रा को जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़िता के सिर में 12 टांके लगे हैं। पुलिस ने पीड़िता का बयान लेकर मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी कैद मिला है। उसके आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

छह नलकूपों से विद्युत केबिल चोरी

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। भौराकलां थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडभर के जंगल में अज्ञात बदमाश एक ही रात में छह नलकूपों से विद्युत केबिल चोरी कर ले गये। इस सम्बन्ध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। भौराकलां थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में ग्राम मुंडभर निवासी तंजीम पुत्र सत्यवीर सिंह ने बताया कि रात के समय अज्ञात बदमाश उसके व उसके गांव के त्रिलोक, राजकुमार, देशराज व धनपाल के नलकूपों से विद्युत केबिल चोरी कर ले गये हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

तवांग में एलएसी पर वायुसेना का बड़ा युद्धाभ्यास, राफेल और सुखोई शामिल

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (वार्ता)। तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा एलएसी पर चीनी सैनिकों के साथ झड़प से पैदा हुए हालात के बीच भारतीय वायुसेना ने अरुणाचल प्रदेश समेत पूर्वोत्तर के इलाके में गुरुवार से दो दिन का बड़ा युद्धाभ्यास शुरू किया। इस अभ्यास में अत्याधुनिक लड़ाकू जेट राफेल और सुखोई समेत भारतीय वायुसेना के लगभग सभी फ्रंट लाइन लड़ाकू विमान हिस्सा ले रहे हैं। पीएलए के साथ झड़प से बने तनाव की स्थिति के बीच युद्धाभ्यास के पहले दिन वायुसेना ने अरुणाचल प्रदेश में एलएसी के समीप से लेकर समूचे पूर्वोत्तर क्षेत्र को कवर करते अपनी सैन्य क्षमताओं को परखा। हालांकि वायुसेना ने यह जरूर साफ कर दिया कि यह युद्धाभ्यास किसी भी तरह तवांग सेक्टर में हुई घटना से जुड़ा नहीं है और यह अभ्यास पहले से तय था। वायुसेना से जुड़े अधिकारी ने साफ किया कि युद्धाभ्यास की योजना काफी पहले बनाई गई थी और तवांग क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों से इसका कोई सरोकार नहीं है। इस अभ्यास का मकसद वायुसेना के उड़ान दल के दस्तों के प्रशिक्षण की निरंतरता को बनाए रखना है। सभी फ्रंट लाइन लड़ाकू विमानों के अलावा ग्राउंड से जुड़े कई तरह के सैन्य संसाधनों को भी अभ्यास में शामिल किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी तरह की चुनौतियों से निपटने के लिए वायुसेना की तैयारियों को परखना भी इस अभ्यास का लक्ष्य है। राफेल और सुखोई

के अलावा सभी फ्रंटलाइन फाइटर जेट शुक्रवार को भी अपने युद्धाभ्यास को जारी रखते हुए पूरा करेंगे। वैसे तवांग में एलएसी पर पीएलए के साथ झड़प के बाद वायुसेना ने अपनी सतर्कता पहले से कहीं ज्यादा बढ़ा दी है और अरुणाचल के इलाके में हवाई पेट्रोलिंग भी हो रही है। सेना और वायुसेना पूर्वी लद्दाख के अग्रिम मोर्चों के साथ अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम क्षेत्र में एलएसी पर अपनी आपरेशन सक्रियता पिछले दो साल से अधिक समय से लगातार बनाए हुए हैं। भारतीय सेनाओं की यह सर्तकता ही चीनी सैनिकों के मंसूबों को नाकाम कर रही है। वायुसेना ने पिछले हफ्ते तवांग सेक्टर में एलएसी के करीब चीन की बढ़ती हवाई सक्रियता को देखते हुए अपने लड़ाकू विमानों को भी करीब के इलाके में उतारा। खास बात यह भी रही कि पूर्वोत्तर में इस महत्वपूर्ण युद्धाभ्यास के दिन ही भारतीय वायुसेना को फ्रांस से आने वाला अंतिम राफेल विमान भी इसके बेड़े में शामिल हो गया। वायुसेना ने टवीट कर इसकी जानकारी दी।

महापौर चुनाव छह जनवरी को, पहले साल महिला पार्षद होगी मेयर

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (वार्ता)। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने निगम के महापौर और उप महापौर पद के चुनाव की तिथि तय कर दी है। एमसीडी के सदन की पहली बैठक छह जनवरी को होगी। सदन की स्थायी समिति के छह सदस्य भी इसी दिन चुने जाएंगे। नगर निगम चुनाव में प्रदर्शन को देखते हुए सदन में आम आदमी पार्टी का पलड़ा भारी है। 250 सदस्यीय सदन में 134 सदस्य आप के हैं। इससे पहले एमसीडी ने नए सदन की पहली बैठक आयोजित करने के लिए सोमवार को दिल्ली सरकार को फाइल भेजी थी। एमसीडी अब उपराज्यपाल के अधीन आने के कारण दिल्ली सरकार ने फाइल उनके पास भेज दी। उपराज्यपाल सचिवालय ने सदन की बैठक आयोजित करने की मंजूरी दे दी। उन्होंने सदन की बैठक करने की तिथि छह जनवरी तय की है। इस बैठक में नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण के बाद महापौर का चुनाव होगा। नवनिर्वाचित महापौर कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहले उपमहापौर का चुनाव कराएंगे। साथ ही स्थायी समिति के छह सदस्यों का भी चुनाव होगा।

विकास कार्यों का सही लेखा-जोखा न मिलने से नाराज किसान ने दी भूख हड़ताल की धमकी

गांव रई के सगवा सिंह ने डीएम वार रूम में शिकायत कर लगाया फर्जी सूचना देने का आरोप

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। छपार क्षेत्र के रई गांव निवासी एक किसान ने गांव में हुए विकास कार्यों का फर्जी लेखा जोखा देने का आरोप लगाते हुए भूख हड़ताल पर बैठने की धमकी दी है। आरोप लगाया कि ग्राम विकास अधिकारी ने बिना हस्ताक्षर के जो जानकारी उपलब्ध कराई वो कहीं से भी मेल नहीं खा रही है।

ब्लॉक सदर के गांव रई निवासी सगवा सिंह पुत्र ताराचंद ने डीएम वार रूम में की अपनी शिकायत में बताया कि उनके द्वारा पूर्व में शिकायत करते हुए गांव रई में कराए गए विकास कार्यों से सम्बन्धित आरटीआई का जवाब सही एवं प्रमाणित स्तर पर नहीं मिलने पर कार्यवाही की मांग की थी। बताया कि ग्राम विकास अधिकारी रई ने गुमराह करके शिकायत का निस्तारण करा दिया, जो बिल्कुल गलत है। उसके द्वारा 20 अक्टूबर को आरटीआई के माध्यम से ग्राम रई के विकास कार्यों के कागज मांगे गए थे, लेकिन ग्राम विकास अधिकारी ने जो रजिस्ट्री सगवा को की है उसमें किसी भी कागज पार प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं होने की बात कही गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि निर्माण कार्य रजिस्टर के सभी निर्माण कार्य के अंत में प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी के हस्ताक्षर होते हैं। केश बुक पर भी किसी के हस्ताक्षर नहीं है। नेट पर जो विकास कार्य चढ़े हुए हैं, उनका मिलान भी नहीं हो रहा है। इससे ऐसा लग रहा है कि उनको आरटीआई सूचना के तहत विकास कार्यों के जो कागज दिए गए हैं, जब उन पर किसी के हस्ताक्षर ही नहीं है तो वो कागज ग्राम विकास अधिकारी ने गुमराह करने के इरादे से फर्जी रूप से बना कर दिए हैं। शिकायत में कहा गया है कि निर्माण रजिस्टर, केश बुक आदि जो भी जानकारी आरटीआई में मांगी गई है उनकी सूचना जो सही रजिस्टर हैं, जिन पर प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी के हस्ताक्षर हैं, उनकी फोटो कॉपी ही उनको उपलब्ध कराई जाये। सगवा सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 16 दिसम्बर के बाद बिना कोई दूसरा नोटिस दिए उनको सही सूचना उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो वो खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय पर अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठ जायेंगे।

फोन व सोशल मीडिया पर पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगी, पीड़ित ने कराई पुलिस में रिपोर्ट दर्ज

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। एक व्यक्ति को फोन व सोशल मीडिया पर पांच लाख की रुपयों की रंगदारी मांगी जा रही है और उसके साथ गाली गलौच करते हुए उसे धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। छपार थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में ग्राम बरला निवासी रविकांत त्यागी पुत्र बिजेन्द्र त्यागी ने आरोप लगाया कि देवबंद थाना क्षेत्र के ग्राम कुरड़ी निवासी गोलू त्यागी उसे धमकी देते हुए पांच लाख रुपए की मांग कर रहा है। उसे बार-बार धमकी दी जा रही है। आरोपी ने सोशल मीडिया पर भी उसके साथ अभद्रता की और उसे धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

9 वीं छात्रा को अगवा करने के मामले में सात नामजद

कांधला, 15 दिसम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के एक गांव से 9वीं कक्षा की छात्रा को अगवा करने के मामले में पुलिस ने 7 लोगों पर अभियोग दर्ज करते हुए अगवा किशोरी तलाश शुरू कर दी है। गांव खन्द्रावली निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसकी बेटी कक्षा 9वीं की छात्रा है। आरोप है कि पड़ौस के उवेश सहित 7 युवक किशोरी का पिदा करते हुए काफी परेशान करते थे। आरोपी युवकों ने किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया और फरार हो गए। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नही लग सका है। पीड़ित परिजनों ने थाने जाकर पुलिस को घटना के सम्बन्ध में आरोपी 7 युवकों पर किशोरी को अगवा करने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर देकर अभियोग दर्ज करा दिया है। पुलिस अगवा नाबालिग किशोरी की तलाश में जुट गई है। दूसरी और गांव नाला निवासी व्यक्ति ने भी अपनी 24 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने और 80000 रकम चोरी करने के मामले में आरोपी युवक के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कालाबाजारी: राशन डीलर सहित तीन पर अभियोग दर्ज

कांधला, 15 दिसम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव चढ़ाव से काला बाजारी के लिये जा रहे कुन्तलों चावल के मामले में खाद्य पूर्ति निरीक्षक ने राशन डीलर सहित तीन लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया है। पुलिस ने मामले में दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। बीते मंगलवार की रात्रि को गांव चढ़ाव से ई-रिक्शा में राशन की दुकान से कुन्तलों चावल अवैध रूप से बेचे जाने के लिये कांधला स्थित एक चक्की पर लाये जा रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने ई-रिक्शा को मौके पर दबोच थाने ले आई थी घटना के सम्बन्ध में कै